# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025 | haribhoomi.com


रायपुर



हैदराबाद





दगड़ूशेठ, पुणे

अहमदाबाद



### रायपुर सहित देशभर में गणेश पर्व की धूम

*नई दिल्ली। हर साल की तरह इस साल भी गणेश चतुर्थी रायपुर सहित पूरे देश में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। महाराष्ट्र से लेकर उत्तर भारत तक बप्पा के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। खासकर मुंबई, पुणे और हैदराबाद, जयपुर, पटना सहित सभी राज्यों में गणपति पंडालों की भव्यता देखते ही बनती है। देशभर में जगह-जगह भगवान श्रीगणेश की भव्य व आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गईं। बाप्पा की पहली झलक ने लोगों को बेहद आकर्षित किया है और दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। विशाल आकार, खूबसूरत सजावट और आस्था से भरपूर माहौल ने इस पंडाल को सोशल मीडिया पर वायरल बना दिया है। 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में लोग गणपति बप्पा की मूर्ति अपने घरों में स्थापित करते हैं और पूरे विधि-विधान से उनकी पूजा-अर्चना करते हैं।*


आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹74099/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹90500/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹98789/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply


बस्तर बाढ़

### सीएम साय ने बचाव की ली जानकारी, तुरंत सहायता पहुंचाने के निर्देश



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर में राहत और बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रभावित परिवार को असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्य करे। उल्लेखनीय है कि श्री साय इस समय जापान प्रवास पर हैं, लेकिन वे बस्तर की बाढ़ के विषय में लगातार जानकारी ले रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि राहत शिविरों में ठहरे सभी लोगों को भोजन, चिकित्सा सुविधा और आवश्यक सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने प्रशासन को बाढ़ से प्रभावित गांवों तक तुरंत सहायता पहुंचाने और आपदा नियंत्रण कक्षों से स्थिति की ▶▶| शेष पेज 7 पर

## बस्तर में मूसलाधार मुसीबत

### सुकमा से कोंटा तक रास्ता बाधित, बोदागुडा दुब्बाटोटा, इंजरम मार्ग पर बाढ़ का पानी

# सड़कें डूबी, पुल बह गया, बाढ़ में फंसे कार सवार चार की मौत



*बस्तर में बारिश ने रिकार्ड तोड़ दिया है। दक्षिणी इलाका जलमग्न नजर आ रहा है। इंद्रावती, शबरी नदी की बाढ़ ने 100 से ज्यादा गांवों को टापू बना दिया है। कई मकान खतरे में हैं। मंगलवार को बाढ़ में फंसे कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। कई को रेस्क्यू कर बचाया गया। बीजापुर इलाके में बुधवार को भी मूसलाधार मसीबत जारी रही। प्रशासन लोगों को सुरक्षित निकालने और उनके इंतजाम में लगा हुआ है।*

#### एनएच-30 कोंटा मार्ग बंद

अंदुमपाल में 29 घण्टे से गोरली नदी में फंसे ग्रामीण को नगरसेना की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। मंगलवार को नदी में अचानक पानी बढ़ गया था, जिसके कारण ग्रामीण नदी के बीच पेड़ के सहारे फंसा था। दरअसल,कलेक्टर देवेश ध्रुव के मार्गदर्शन में छिंदगढ़ तहसीलदार जनपद सीईओ की उपस्थिति में ग्रामीण का रेस्क्यू किया गया। 60 वर्षीय ग्रामीण को जिला प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर में बाढ़ के हालत हो लेकर चिंता जताई है। प्रभावित हुए है। वहीं सुकमा जिला मुख्यालय स्थित सेकंड बटालियन के हेडक्वार्टर भी बाढ़ से अछूता नहीं रहा। यहां के कार्यालय को पूरी तरह से खाली कराकर जवानों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया।







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दरभा

सोमवार-मंगलवार को हुई भारी बारिश से समूचा बस्तर संभाग मे जन-जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिले में बाढ़ से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बुधवार को दूसरे दिन सुकमा जिला के कोंटा जिला मुख्यालय से कटा रहा। आज भी सुकमा से कोंटा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मार्ग तीन जगह बाधित रहा। ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### 94 साल का टूटा बारिश का रिकॉर्ड

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में तेज बारिश के कारण 94 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। सोमवार को सुकमा में 217.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं पिछला रिकॉर्ड 15 अगस्त 1931 का था,जब 203.2 मिमी बारिश हुई थी। इसी तरह दंतेवाड़ा में ▶▶| शेष पेज 7 पर

### रायपुर से तिरुपति जा रहे परिवार की कार फंसी, चार की मौत





दरभा थाना क्षेत्र के कांगेर घाटी में मंगलवार को एक कार बारिश तेज होने से बाढ़ की बहाव में बह गई। इस वजह से गाड़ी में सवार चार लोगों की मौत हो गई। सभी लोग एक ही परिवार के थे, जो कार में सवार होकर रायपुर से तिरुपति के लिये जा रहे थे। घटना से परिजनों में शोक की लहर है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### ड्राइवर ने तैरकर बचाई जान

घटना की जानकारी पर चारों के शव को बाढ़ से निकालकर मेकाज अस्पताल डिमरापाल में पीएम के लिए भेजा गया है, जहां पीएम के बाद ▶▶| शेष पेज 7 पर

देश में ऐसा हाल

#### अगले 5 दिन कई राज्यों में बरसेगी आफत, अलर्ट

*भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने देशभर में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 5 दिनों तक उत्तर-पश्चिम, पूर्व, मध्य, पश्चिम, पूर्वोत्तर और दक्षिणी भारत के कई राज्यों में तीव्र बारिश की संभावना है। आईएमडी के अनुसार जम्मू और उत्तर-पश्चिम पंजाब में अत्यधिक* ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### वैष्णो देवी मार्ग हादसे में अब तक 33 की मौत

*जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने भाई तबाही मचाई है। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुंवारी के पास इंद्रप्रस्थ भोजनालय के नजदीक हुए भूस्खलन में अब तक 33 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 23 अन्य घायल हैं। बचाव दल अभी भी मलबा हटाने में जुटा हुआ है। आशंका है कि मलबे में अभी भी* ▶▶| शेष पेज 7 पर

मंत्री राजेश अग्रवाल से विशेष चर्चा

## खुदाई से रामगढ़ पर्वत को नुकसान नहीं होने देंगे, जांच भी होगी और कार्रवाई भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर







अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल विष्णुदेव मंत्रिमंडल में शामिल किए गए हैं। उन्होंने मंत्री बनने के बाद आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से विशेष बातचीत में सवालों का खुलकर जवाब दिया, कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में काम करने की सरगुजा क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय नेतृत्व के भरोसे की वजह से वे मंत्री बने हैं। अडानी समूह से मेरा एक प्रतिशत संबंध नहीं है। रामगढ़ पर्वत के नजदीक खुदाई से रामगढ़ पर्वत को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होने देंगे। पेश हैं संवाद के प्रमुख अंशः-

- **मंत्रिमंडल में नाम आने पर आप कितने चौंके?**
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष कृपा रही। कई दिनों से मीडिया में नाम चल रहा था, इसलिए उम्मीद बंधी हुई थी। मुझे अंबिकापुर चुनाव में जीत की पूरी उम्मीद थी, लेकिन 94 वोट से जीता उससे ज्यादा चौंका। हमारी टिकट अंतिम समय में फायनल हुई। हमें समय भी कम मिला, उस बीच दीपावली का त्यौहार भी पड़ा। मेरी भाजपा में अधिक पहचान नहीं थी। उनका जो सर्वे रहा होगा उसके आधार पर अंतिम समय में मुझे टिकट मिला। अब लोग मुझे जानने लग गए हैं।
- **अंबिकापुर में टीएस सिंहदेव को आपने हराया वहां इतनी जमीन आपकी कैसे तैयार हो गई?**
- ऊपर वाले और अंबिकापुर की जनता का आर्शीवाद रहा। हम लोग बेसिक रूप से लखनपुर गांव में रहते हैं। हमारे पिताजी ने अपने जीवनकाल में क्षेत्र में सेवा के कई कार्य किए थे। उनके कार्य और संस्कार के चलते वहां पर हमारी पहचान रही। लोगों से लगातार संपर्क का लाभ हमें मिला। यहां पर जीत का कारण पिछली सरकार के खिलाफ आक्रोश का माहौल और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो पांच साल संघर्ष किया उसका भी असर चुनाव में पड़ा और हमें जीत मिली।
- **आप व्यापारी वर्ग से आते हैं, नेतागिरी में आपका आना कैसे हो गया?**
- राजनीति का मुझे शुरू से शौक रहा। हमारी जहां खेती है वहां गांव में 2004-05 में सरपंच का चुनाव जीता। उसके बाद लखनपुर नगर पंचायत से 2009 में निर्दलीय चुनाव लड़ा चुनाव में 1 वोट से हार गया। 2014 में कांग्रेस की टिकट से फिर से लखनपुर नगर पंचायत का चुनाव लड़ा और प्रचंड बहुमत से जीता। पहले मैंने भाजपा से टिकट मांगा, लेकिन नहीं मिलने पर कांग्रेस से टिकट मिलने पर चुनाव लड़ा। सिंहदेव से मेरी पहचान बचपन से है। उनके साथ रहने और काम करने के कारण मैं कांग्रेसी ही माना जाता था। उनसे आज भी संबंध अच्छे हैं।
- **आपके तेवर हमेशा बागी क्यों रहते हैं?**
- मेरी आदत अलग टाइप की है, मै किसी का दबाव बर्दाश्त नहीं करता। मोदी जी के जो काम थे, उनसे प्रभावित था। पहले अंबिकापुर क्षेत्र में सड़कों की स्थिति खराब थी। खाद का व्यापारी था, लोगों के लिए खाद पहुंचाने गांव-गांव ट्रेक्टर से घूमता था। अटल बिहारी बाजपेयी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम सड़क योजना से गांवों की सड़कें बनी उससे मैं काफी प्रभावित हुआ। मोदीजी के आने के बाद काफी काम हुए। पूरा देश उनसे प्रभावित रहा, तो मैं कैसे बचता। ▶▶| शेष पेज 7 पर

असुरक्षित ट्रैक पर मोड़ा

## लोको पायलट की सूझबूझ से जनशताब्दी पलटने से बची

एजेंसी ▶▶| आगरा

आगरा रेल डिवीजन ने मंगलवार को एक स्टेशन मास्टर और एक ट्रैफिक कंट्रोलर को बड़ी लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया। स्टेशन मास्टर और ट्रैफिक कंट्रोलर ने दिल्ली जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को गलत ट्रैक पर मोड़ दिया था, जिससे सैकड़ों यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई। ट्रेन को जिस पटरी पर मोड़ा गया, उसकी मरम्मत का काम चल रहा था। यह ट्रैक ट्रेन ऑपरेशन के लिए सुरक्षित नहीं था।

#### लाल झंडा देख लगाया ब्रेक

सूत्रों ने बताया कि ट्रेन क्रू की सतर्कता के कारण बड़ा हादसा टल गया, जिन्होंने ट्रैक मेंटेनेंस टीम द्वारा लगाए गए लाल झंडे को देखा और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को अंडर-रिपेयर ट्रैक तक पहुंचने से पहले रोक दिया। डिवीजनल ऑपरेशनल मैनेजर और आगरा रेलवे ▶▶| शेष पेज 7 पर

### एक पुरुष, तीन महिला नक्सलियों के शव सहित हथियार किए गए बरामद

## गढ़चिरौली में ढेर किए गए चार माओवादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

- एक पुरुष, तीन महिला नक्सलियों के शव सहित हथियार किए गए बरामद

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सल ऑपरेशन को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। 8 घंटे से जारी भीषण मुठभेड़ में महाराष्ट्र फोर्स ने छत्तीसगढ़ सीमा पर चार सशस्त्र माओवादियों को मार गिराया है। मारे गए नक्सलियों में एक पुरुष, तीन महिला नक्सली शामिल है। मुठभेड स्थल से हथियार सहित नक्सली सामग्री बरामद किए गए हैं। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली नक्सल सेल से मिली जानकारी के



फाइल फोटो

अनुसार गढचिरौली एंटी नक्सल यूनिट को एक विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई कि गट्टा दलम, कंपनी नंबर 10 और गढ़चिरौली डिविजन के अन्य माओवादी संगठन के केडर गढ़चिरौली-छत्तीसगढ सीमा पर कोपरशी वन क्षेत्र में मौजूद थे। गुप्त सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम. रमेश के नेतृत्व में 19 सी 60 इकाई और सीआरपीएफ क्यूएटी की 2 इकाई ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### तलाशी जारी

*लगभग 8 घंटे तक रुक-रुककर जारी गोलीबारी के बाद घटनास्थल से तलाशी के दौरान 4 हथियारों जिसमें एक एसएलआर राइफल, दो आईएनएसएएस राइफल और एक 303 राइफल के साथ एक पुरुष और तीन महिला नक्सली का शव बरामद किए गए हैं। मुठभेड के बाद भारी बारिश के बीच शेष बचे माओवादियों की तलाश के लिए महाराष्ट्र गढ़चिरौली की एंटी नक्सल फोर्स क्षेत्र मे सघन तलाशी अभियान जारी किए हुए है।*

### ट्राली में गुप्त बॉक्स बनाकर की जा रही थी तस्करी

## दलधोवा घाट पर पलटा ट्रैक्टर तो खुला गांजा तस्करी का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलरामपुर

गांजा तस्करी के लिए तस्कर नए नए तरीके अपना रहे है। तस्करों द्वारा गांजा को ले जाने के लिए वाहनों में गुप्त बॉक्स बनाए जा रहे है। इस बात का खुलासा बीती रात हुई दुर्घटना में हुआ है। एनएच 343 पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खाई में गिर गई। सडक दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद जब यातायात पुलिस मौके पर पहुंची तो उनके होश उड़ गए। दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर गांजा के बड़े बड़े पैकेट चारो तरफ बिखरे पड़े थे। मौके से

#### 20 फीट गहरी खाई में गिरा वाहन



लगभग सवा क्विंटल गांजा बरामद किए जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि 27 अगस्त की रात लगभग 1 बजे यातायात पुलिस को सूचना मिली थी कि एनएच 343 पर दलधोवा घाट के समीप एक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन के नेतृत्व में यातायात पुलिस व हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो उनके होश उड़ गये। घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर के चारो ओर गांजा के बड़े बड़े पैकेट बिखरे पड़े हुए थे और एक चालक गंभीर रूप से घायल पडा हुआ था। यातायात पुलिस ने इस घटना ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### ओडिशा से हो रही थी तस्करी

*पुलिस ने घटना स्थल से लगभग सवा क्विंटल गांजा बरामद किया है। इतने बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी एक बड़े गिरोह द्वारा किए जाने की बात कही जा रही है। बड़ी बात यह है कि ट्रैक्टर के ट्राली में एक अलग से बॉक्स बनाकर गांजा को छिपाया* ▶▶| शेष पेज 7 पर

www.cvru.ac.in Follow us on:

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur AN AISECT GROUP UNIVERSITY

**Approved by :** PCI | AICTE | NCTE | BCI | **Member of :** AIU | **Recognized by :** UGC | A NAAC Accredited University

## THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC

REACH THE HEIGHTS OF SUCCESS

**ADMISSIONS OPEN**
SESSION-2025-26

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC




## PROGRAMMES OFFERED

### FACULTY OF SCIENCE

**B.SC.**

Mathematics, Microbiology, Biotech, Computer Science, Rural Technology, Biology, UG Programme in Nutrition & Dietetics

**M.SC.**

Physics, Chemistry, Botany, Mathematics, Micro-biology, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Technology, Applied Physics

**PGDRD**



### Centre for Distance and Online Education (CDOE)

Programmes Offered :

BBA | MBA | B.Com | M.Com
B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc.
B.A. (General) | M.A. (Hindi)
M.A. (English) | M.A. (Sanskrit)
M.A. (History)

### Special Features:

- Accredited by NAAC
- Chhattisgarh's first private university
- Skill Courses offered by PMKK in the University
- 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
- Fully Automated Central Library
- 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
- Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
- Diverse student base from 8 states

**FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech | Polytechnic Diploma | M.Tech | B.VOC | M.VOC
UG Diploma in Fire Safety Management

**FACULTY OF INFORMATION TECHNOLOGY**
M.Sc. (IT) | M.Sc. (CS) | P. G.D.C.A. | B.C.A. | D.C.A.

**FACULTY OF ARTS**
B.A. | PERFORMING & FINE ARTS (B.P.A. | M.P.A.)
M.A. | B.Lib. | M.Lib. | M.S.W. (Social Work) | B.J. | M.J.

**FACULTY OF EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION**
B.Ed. | M.Ed. | B.P.E.S. | M.P.E.S.

**FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES**
B. Pharm | D. Pharm | M. Pharm | UG Nutrition & Dietetics

**FACULTY OF LAW**
LL.M. | LL.B. | B.A. (LL.B.) | B.Com.(LL.B.)

**FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT**
B.B.A. | M.B.A. | PGDBM | B.Com. | M.Com.

### Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships
Offering up to **10 Lakh Package**

### Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956

The BCI (Bar Council of India)

The AICTE (All India Council of Technical Education) Bilaspur

The NCTE (National Council for Teacher Education)

The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)

The PCI (Pharmacy Council of India,

University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

**ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES**
**6261-900581, 6261-900582**

**ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION**
**9302969342, 9617772312**

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

SCAN QR CODE FOR ADMISSION ENQUIRY

**City Office:** Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

रायपुर
गुरुवार, 28 अगस्त 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 24, अंक : 42
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.9
न्यून. 22.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



03 चेन्नई एक्सप्रेस से अलग हैं परम सुंदरी

विचार पेज
04 निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# सात पुलिस अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड, संयुक्त मप्र पीएससी का ये था आखिरी बैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य पुलिस सेवा के सात अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड मिला है। ये अधिकारी अब भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बन गए हैं। बताया गया है कि दिल्ली में 6 अगस्त को हुई विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में इन अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड के लिए सहमति बनी थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

खास खबर

## अब छत्तीसगढ़ पीएससी वालों का लगेगा अवार्ड के लिए नंबर, आईपीएस बनने के बाद हैदराबाद में होगी ट्रेनिंग

### ये अधिकारी बने हैं

आईपीएस केंद्र की अधिसूचना के मुताबिक जिन अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड मिला है उनके नाम इस प्रकार हैं- पंकज चंद्रा, भावना पांडेय, विमल कुमार बैस, वेदव्रत सिरमौर, राजश्री मिश्रा और श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा। खास बात ये है कि राप्रसे के जिन अधिकारियों को यह अवार्ड मिला है, वे सभी संयुक्त मप्र के पीएससी के आखिरी बैच के सदस्य रहे हैं। अवार्ड पाने वाले अधिकारियों में वर्ष 2000, 2001 और 2002 बैच के राप्रसे के अधिकारी शामिल हैं।





### कई अधिकारी अभी भी वरिष्ठ पदों पर

हालांकि राप्रसे के इन अधिकारियों को अवार्ड के बाद आईपीएस स्तर के पद मिलेंगे, लेकिन इनमें से कुछ अधिकारी वरिष्ठता के आधार पर राज्य में ही आईपीएस के समकक्ष पदों पर कार्यरत हैं, इनमें श्वेता सिन्हा रायपुर में एसपी रेल, एक अधिकारी सीएम सुरक्षा में तथा कुछ बटालियन में कमांडेड के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। ये पद आईपीएस अधिकारियों के लिए हैं।

### 40 दिनों की ट्रेनिंग होगी हैदराबाद में

राज्य के जिन अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड मिला है, उन्हें अब प्रशिक्षण (इंडक्शन कोर्स) के लिए हैदराबाद भेजा जाएगा। इसका उल्लेख अधिसूचना में भी किया गया है। बताया गया है कि यह प्रशिक्षण 40 दिनों का होगा। इसके बाद इन अधिकारियों को राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक नई पोस्टिंग दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### करतारपुर कॉरिडोर डूबा 100 से ज़्यादा लोग फंसे



**लाहौर।** रावी नदी में बाढ़ के कारण पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नारोवाल जिले में गुरुद्वारा दरबार साहिब सहित करतारपुर कॉरिडोर जलमग्न हो दिया, जिससे 100 से ज़्यादा लोग फंस गए। प्रबंधन इकाई के प्रमुख सैफुल्लाह खोखर ने बताया फंसे हुए अधिकारियों को नावों और एक हेलीकॉप्टर से बचाया जा रहा है। इससे पूर्व भारत द्वारा रावी नदी में पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ग्रस्त इलाकों से सैकड़ों निवासियों को निकाला गया है।

### दो हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत



**नई दिल्ली।** बम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने सोमवार को उनके नामों की सिफारिश की थी जिसके बाद केंद्रीय कानून मंत्रालय ने उनकी नियुक्तियों की घोषणा की।

### ट्रंप को तगड़ा जवाब देने भारत पूरी तरह तैयार, कुछ क्षेत्रों में पड़ेगा व्यापक असर

# आपदा को अवसर में बदलेगा भारत, 40 देशों के साथ करेगा डील, बनाएगा खुद का बड़ा बाजार


*अमेरिका ने भारतीय आयात के कुछ सेक्टरों पर टैरिफ और जुर्माना लागू कर दिया है। इससे मैन्युफैक्चरिंग और हैंडीक्राफ्ट सेक्टर पर सीधे असर पड़ना शुरू हो गया है। निर्यात पर असर पड़ने से तात्कालिक रूप से इन सेक्टर की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। अमेरिकी टैरिफ की तोड़ निकालते हुए भारत ने दुनिया के 40 देशों से संपर्क शुरू कर दिया है और जल्द ही इसके परिणाम आएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत द्वारा इस प्रयास से आपदा को अवसर में बदला जा सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ से सबसे पहले और सबसे ज्यादा संकट टेक्सटाइल सेक्टर पर पड़ने वाला है, क्योंकि अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है, जिसमें 25 फीसदी पेनाल्टी के तौर पर है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले को एकतरफा और अनुचित करार दिया है। साथ ही भारत दूसरे विकल्पों पर भी विचार करना शुरू कर दिया है, ताकि टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके। भारत सरकार अमेरिकी बाजार के विकल्प के तौर पर करीब 40 अन्य मार्केट यानी दूसरे देशों में गारमेंट एक्सपोर्ट पर विचार कर रहा है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 590 अरब डॉलर का है मार्केट

नए 40 देशों के विस्तार का लक्ष्य पारंपरिक और उभरते, दोनों बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना है। इन देशों का कुल मिलाकर कपड़ा और परिधान आयात 590 अरब डॉलर का है, जो भारतीय निर्यातकों के लिए काफी गुंजाइश दिखाता है। वर्तमान में इस बाजार में भारत की केवल 5-6 प्रतिशत हिस्सेदारी है।




### इन प्रमुख देशों के साथ व्यापार की योजना

रिपोर्ट के अनुसार भारत अपने कपड़ा निर्यात का विस्तार करने ब्रिटेन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत 40 प्रमुख बाजारों में पहुंच की योजना बनाई है। अफ्रीका, मध्यपूर्व के आर्थिक तौर पर मजबूत देश हमारे लिए बड़ा बाजार बन सकते हैं।

### खुला है आठ अरब लोगों का बाजार

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिका हमारा बड़ा व्यापारिक हिस्सेदार है। इससे टैरिफ बढ़ने के कारण अचानक ही कुछ क्षेत्रों में असर पड़ सकता है लेकिन पूरी दुनिया की आबादी आठ अरब के पार हो गई है और आबादी के हिसाब से पूरे अमेरिका की आबादी लगभग 34 करोड़ है। ऐसे में भारत के पास अभी भी बड़ा व्यापक बाजार खुला हुआ है जहां हम अपने लिए नई संभावनाओं की तलाश कर सकते हैं।

**भारतीय राजनयिक का दावा**

### पीएम मोदी फोन पर डील नहीं करते



जर्मन अखबार फ्रैंकफर्टर अल्गेमाइन की रिपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका-भारत के रिश्तों में हलचल बढ़ा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के हफ्तों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चार फोन का जवाब नहीं दिया। यह ऐसे समय सामने आया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार विवाद गहराता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने स्पष्ट किया कि मोदी फोन पर संवेदनशील मुद्दों पर बातचीत नहीं करते। अधिकारी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की कार्यशैली नहीं है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के जटिल मामलों पर फोन पर समझौता करें।

## बच्चों के भोजन में फिनाइल मिलने की शिकायत, अधीक्षक समेत कई हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ कलेक्टर ने की सख्त कार्रवाई

छिन्दगढ़ विकासखंड के बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन पाकेला से बड़ा मामला सामने आया है। बच्चों के भोजन में फिनाइल मिलने की शिकायत ने पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने तत्काल और कड़े कदम उठाते हुए कई जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की है। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक धनंजय साहू ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अधीक्षक स्तर पर भी कार्रवाई

प्रशासनिक दृष्टिकोण से दुजाल पटेल (शिक्षक एलबी) को अधीक्षक, बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन पाकेला के प्रभार से मुक्त करते हुए उन्हें जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, सुकमा में संलग्न कर दिया गया है। उनके स्थान पर गौतम कुमार ध्रुव (शिक्षक एल.बी., माध्यमिक शाला पेदापारा, विकासखंड ▶▶| शेष पेज 7 पर

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवासीय विद्यालयों की सतत निगरानी की जाए और बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। इस पूरे प्रकरण ने साफ कर दिया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जिला प्रशासन बच्चों से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रहा है।

# सियोल की एटीसीए ने छग में दिखाई दिलचस्पी



दक्षिण कोरिया में सीएम साय मिले प्रतिनिधियों से एटीसीए में 60 से अधिक प्रमुख कंपनियां शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आईसीसीके बनेगा नॉलेज पार्टनर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान सियोल में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी सेंटर एसोसिएशन (एटीसीए) के चेयरमैन ली जे जेंग एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। (एटीसीए) एक सशक्त औद्योगिक नेटवर्क है, जिसमें आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा और टेक्सटाइल क्षेत्र की 60 से अधिक प्रमुख कंपनियां शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने एटीसीए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार निवेशकों के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ली जे जेंग और उनके साथ आए वरिष्ठ अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सियोल में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान सियोल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका आयोजन इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन कोरिया (आईसीसीके) के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ दक्षिण कोरियाई कंपनियों के लिए असीम संभावनाओं की धरती है। उन्होंने उल्लेख किया कि दक्षिण कोरिया भारत के शीर्ष तीन इस्पात निर्यात गंतव्यों में शामिल है और छत्तीसगढ़, देश का अग्रणी इस्पात उत्पादक राज्य होने के नाते, इस सहयोग को और गहरा करने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### एटीसीए ने दिखाई दिलचस्पी

(एटीसीए) ने छत्तीसगढ़ की कंपनियों के साथ बी2बी साझेदारी में रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और एम्स जैसे राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं, जो विश्वस्तरीय प्रतिभा उपलब्ध कराते हैं। राज्य का 'प्लग एंड प्ले' इंफ्रास्ट्रक्चर और सशक्त लॉजिस्टिक्स नेटवर्क छत्तीसगढ़ को (एटीसीए) के अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और भारत में उनके विस्तार का स्वाभाविक हब बनाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित ▶▶| शेष पेज 7 पर

## बिहार के मंत्री को ग्रामीणों ने एक किमी. तक खदेड़ा



**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले में ग्रामीण विकास मंत्री और जनता दल यूनाइटेड नेता श्रवण कुमार के काफिले पर ग्रामीणों द्वारा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस हमले में एक सुरक्षाकर्मियों के घायल होने की सूचना है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों ने करीब एक किलोमीटर तक मंत्री का पीछा किया लेकिन वे बच निकले। हालांकि, वह ग्रामीणों के हाथ नहीं लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2 दिन पहले पटना के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हुई थी। ऐसे में मंत्री कुमार और हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया परिजनों को ढांढस बंधाने गांव पहुंचे थे।

# बीजापुर में 81 लाख के ईनामी 30 नक्सलियों का समर्पण

## समर्पित नक्सलियों में केके सब डिविजन इंचार्ज सोनू हेमला समेत 5 पर था 8-8 लाख का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पारिवारिक और खुशहाल जीवन जीने की चाह में बुधवार को बीजापुर में 30 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पण करने वाले 20 नक्सलियों पर 81 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। इनमें केके सब डिवीजन इंचार्ज सोनू हेमला समेत 5 नक्सलियों पर 8-8 लाख का ईनाम रखा गया था। समिर्पत नक्सलियों में एक डीव्हीसीएम के अलावा 5, एरिया कमेटी मेंबर, 2 प्लाटून पार्टी मेंबर, 4 एरिया कमेटी पार्टी मेंबर, 5 एरिया कमेटी पीएलजीए मेंबर, 1 सीएनएम मेंबर, 2 जनताना ▶▶| शेष पेज 7 पर




**समर्पित नक्सलियों में यह शामिल**

बुधवार को डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ बीएस नेगी, एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में नक्सलियों ने समर्पण किया। समर्पण करने वाले नक्सलियों में वर्ष 2003 से नक्सल संगठन में सक्रिय 8 लाख का ईनामी केके सब डिविजन ब्यूरो इंचार्ज सोनू हेमला ऊर्फ कोरोटी के अलावा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### बस्तर तेजी से शांति और विकास की ओर हो रहा अग्रसर : साय



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बीजापुर में 81 लाख रुपए के 20 ईनामी समेत 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह आत्मसमर्पण हमारी सरकार की नवीन पुनर्वास नीति, नियद नेल्ला नार योजना और सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हमारी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नई डॉग पॉलिसी लागू, 13 सूत्रीय गाइड लाइन

# राजस्थान में नहीं होगी 6 महीने से छोटे पिल्लों की नसबंदी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को आधार मानते हुए आवारा कुत्तों के मानवीय प्रबंधन हेतु नई 13 सूत्रीय गाइड लाइन जारी की है। स्वायत्त शासन विभाग ने इसे सभी नगरीय निकायों में 30 दिनों के भीतर लागू करने के निर्देश दिए हैं। नियमों के अनुसार अब राज्य में 6 महीने से छोटे कुत्तों की नसबंदी नहीं की जाएगी। इसी तरह दूध पिलाने वाली मादा को तब तक पकड़ने पर रोक रहेगी, जब तक उनके पिल्ले प्राकृतिक रूप से दूध छोड़ न दें।

### कुत्तों को पकड़ने के लिए भी दिशा-निर्देश

गाइड लाइन में स्पष्ट किया गया है कि कुत्तों को पकड़ने के लिए तार, फंदा या टोंग्स का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल प्रशिक्षित कर्मचारी ही कुत्तों को सुरक्षित जाल या हाथ से पकड़ सकेंगे। प्रत्येक वार्ड में निर्धारित भोजन स्थल बनाए जाएंगे। इसके अलावा नसबंदी केंद्रों का नवीनीकरण और नई सुविधाओं जैसे टीकाकरण और डीवार्मिंग की व्यवस्था होगी।



### कुत्तों के रखरखाव के लिए किया जाएगा भुगतान

कुत्तों को पकड़ने और देखभाल का जिम्मा केवल एडब्ल्यूबीआई से मान्यता प्राप्त एनजीओ को दिया जाएगा, जिन्हें प्रति कुत्ता 200 से 1450 रुपए तक भुगतान होगा। हर नगर निकाय में निगरानी समिति बनाई जाएगी, जिसमें पशु कार्यकर्ता की मौजूदगी अनिवार्य होगी। सभी प्रक्रियाओं की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग और 30 दिन का फुटेज रखना होगा।

### बीमार कुत्तों के इलाज के बाद होगी नसबंदी

बीमार या घायल कुत्तों का पहले इलाज किया जाएगा, उसके बाद ही नसबंदी होगी। यूडीएच शासन सचिव रवि जैन ने कहा कि यह नीति लोगों की सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों को संतुलित करेगी। उल्लंघन करने पर पशु जन्म नियंत्रण नियम 2003 के तहत कार्रवाई होगी। नई गाइड लाइन से राज्य में आवारा कुत्तों के प्रति मानवीय व्यवहार और जनता की सुरक्षा दोनों को मजबूती मिलेगी।



*नई दिल्ली। भारत पर अमेरिका का 50% टैरिफ बुधवार से लागू हो गया है। रूस से तेल खरीद और पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम का श्रेय न दिए जाने से भारत से नाराज ट्रंप ने भारत पर ये टैरिफ लगाया है जिसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। भारत पर ट्रंप के व्यापक टैरिफ की चर्चा इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। इसके बावजूद भी, भारत पर ट्रंप का भारी टैरिफ लगाना दुनिया के देशों को भी हैरान कर रहा है और वहां की मीडिया में इसकी खूब चर्चा है।*

# *'अमेरिका ने भारत को खो दिया, बहुत बुरा होने वाला है इसका नतीजा'*

## 'ट्रंप सरकार के टैरिफ लगाने को अमेरिकी मीडिया ने बताया गलत

## जानिए टैरिफ को लेकर लिए गए इस फैसले पर क्या लिख रहा वर्ल्ड मीडिया

### यह कहा अमेरिकी मीडिया ने

ट्रंप के टैरिफ को लेकर खुद उनके देश के न्यूज आउटलेट्स यानी अमेरिकी मीडिया ने इसे बुरा करार दिया है। अमेरिकी ब्रॉडकास्टर सीएनएन ने भारत पर 50% टैरिफ लागू होने की खबर को प्रमुखता से कवर किया है। एक विश्लेषण में सीएनएन ने विश्लेषकों के हवाले से लिखा कि टैरिफ विवाद से अमेरिका ने भारत को खो दिया है और इसका नतीजा बहुत बुरा होने वाला है। सीएनएन की एक अलग खबर में लिखा गया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आने वाले सभी सामानों पर 50% का टैरिफ लगा दिया है जिससे अमेरिका के सबसे अहम व्यापारिक साझेदारों में से एक, भारत के साथ रिश्ता मुश्किल में पड़ गया है। इससे अमेरिका में भारत से खरीदे गए सामानों की कीमतें भी बढ़ गई हैं। अमेरिकी ब्रॉडकास्टर ने लिखा, 'रूस से तेल खरीद को लेकर भारत को भारी टैरिफ की सजा दी जा रही है। भारत पर टैरिफ से नुकसान अमेरिका को भी हो रहा है लेकिन ये बात ट्रंप नहीं समझ रहे हैं।



### ब्रिटेन

ब्रिटिश अखबार गार्डियन ने भारत पर ट्रंप के 50% लगाने को भारत-अमेरिका संबंधों में अब तक की सबसे बड़ी क्षति बताया है। एक वरिष्ठ भारतीय व्यापार अधिकारी के हवाले से अखबार ने लिखा, 'ट्रंप ने सब कुछ गंवा दिया है। दोनों देश भले ही एक-दूसरे पर आंख-मूंदकर भरोसा नहीं करते थे लेकिन फिर भी वो एक मजबूत रणनीतिक रिश्ता बनाने में कामयाब रहे थे, लेकिन अब वो रिश्ता खतरे में है। गार्डियन के डिप्लोमैटिक एडिटर पैट्रिक विन्टॅर लिखते हैं कि ट्रंप टैरिफ के जरिए अपनी राजनीतिक और आर्थिक ताकत दिखाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन भारत और ब्राजील जैसे देश मिलकर उनका विरोध कर रहे हैं।

### रॉयटर्स

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने लिखा है कि टैरिफ लागू होते ही दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों और रणनीतिक साझेदारों में तनाव बढ़ गया है। रॉयटर्स ने लिखा, 'नए टैरिफ से प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात सहित देश के कई राज्यों के हजारों छोटे निर्यातकों और नौकरियों को खतरा है। बुधवार को टैरिफ बढ़ाने का कदम भारत-अमेरिका के बीच पांच दौर की असफल वार्ता के बाद उठाया गया है। एजेंसी ने लिखा कि दोनों पक्षों के अधिकारियों ने वार्ता असफल होने की वजह राजनीतिक गलतफहमी और संकेतों की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत-अमेरिका का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार कुल 129 अरब डॉलर का था, जिसमें 45.8 अरब डॉलर का अमेरिकी व्यापार घाटा शामिल था।

### चीन

चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने टैरिफ को लेकर प्रकाशित अपनी खबर में लिखा कि भारत पर ट्रंप के टैरिफ बुधवार से लागू हो गए हैं जिसके बाद से दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच तनाव बढ़ गया है। चीनी अखबार ने लिखा, 'भारत पर अमेरिकी टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है जो अमेरिका के उच्चतम टैरिफ में से एक है। रूसी तेल की खरीद से नाराज अमेरिका ने भारत पर यह टैरिफ लगाया है। अमेरिका से व्यापार वार्ता विफल होने के बाद भारतीय निर्यातक अमेरिकी ऑर्डर में भारी गिरावट का सामना कर रहे हैं।'

## खबर संक्षेप

### साउथ एक्टर व नेता विजय पर केस दर्ज



**मदुरै।** तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेता और एक्टर थलापति विजय और उनके बाउंसरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में आरोप है कि 21 अगस्त को मदुरै में हुई विजय की पार्टी की कॉन्फ्रेंस में एक कार्यकर्ता घायल हो गया था। पुलिस ने विजय और उनके सिक्योरिटी स्टाफ के खिलाफ बीएनएस की कई धाराओं में केस दर्ज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायत शरत कुमार ने दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वह उस रैम्प पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिस पर विजय चल रहे थे।

### 'बीजेपी के सियासी एजेंट हैं प्रशांत किशोर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और प्रवक्ता अमीक जमाई ने प्रशांत किशोर, निषाद पार्टी और बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने प्रशांत किशोर को बीजेपी का एजेंट बताते हुए उन पर हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशांत किशोर एनडीए के लिए 'फायर फाइटर' बनकर आए हैं। अमीक जमाई ने आरोप लगाया कि प्रशांत किशोर का मकसद बीजेपी को फायदा पहुंचाना है, जबकि समाजवादी पार्टी मुसलमानों और ओबीसी समाज के लिए लड़ रही है। क्षत्रिय पंचायत या अन्य किसी भी मुद्दे से पहले महिलाओं की शिक्षा को अहमियत देनी चाहिए।

### पाक : इमरान की पार्टी आगामी उपचुनाव का करेगी बहिष्कार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने उनकी राय के अनुरूप राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के आगामी उपचुनाव के बहिष्कार का फैसला किया है। इमरान खान अभी जेल में बंद हैं। नौ मई, 2023 के दंगों में संलिप्तता के लिए खान की पाक तहरीक-ए-इंसाफ के नेताओं को दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले महीने नेशनल असेंबली व प्रांतीय विधानसभाओं की कई सीट खाली हो गई थीं।

**वोटर अधिकार यात्रा में राहुल ने किया दावा**

# 2024 लोकसभा चुनाव में केवल बेंगलुरु सेंट्रल नहीं, 70-80 सीटों पर हुई 'वोट चोरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चुनावों में हो रही धांधली को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि गुजरात का मॉडल आर्थिक नहीं बल्कि 'वोट चोरी' का मॉडल है, जिसे 2014 से राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता बुधवार को वोटर अधिकार यात्रा के 11वें दिन मुजफ्फरपुर के गायघाट में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वोटर अधिकार यात्रा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कनिमोझी, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद समेत इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। इससे पहले यात्रा के आगमन ने सड़कों को जनसैलाब में बदल दिया। इस दौरान राहुल गांधी एक बार फिर बुलेट बाइक चलाते हुए खास अंदाज में नजर आए। बाइक पर उनके पीछे उनकी बहन प्रियंका गांधी बैठी थीं। सुबह से ही हजारों की संख्या में लोग अपने नेताओं की झलक पाने के लिए सड़कों पर डटे हुए थे।

### चेन्नई से बिहार पहुंचे मुख्यमंत्री स्टालिन राहुल, प्रियंका संग किया कदमताल





### 'गरीबों का काटा जा रहा है वोट'

गांधी ने कहा कि हम आगे भी इनकी चोरी का सबूत सामने रखेंगे। संविधान में लिखा है कि एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है, लेकिन ये बीजेपी इसी पर आक्रमण कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में जिनका वोट काटा गया, वो पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक थे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के गरीबों का वोट कट रहा है, अंबानी-अदाणी का वोट नहीं कट रहा है। राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह वोट चोरी करते हैं और बाद में चुनाव जीत जाते हैं। राहुल ने दावा किया कि इन लोगों की मदद चुनाव आयोग कर रहा है। नरेंद्र मोदी और शाह की मदद चुनाव आयोग करता है।

### एसआईआर में 65 लाख नाम काटना आतंक से कम नहीं

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन शामिल हुए। मुजफ्फरनगर की रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना दिया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से 65 लाख वोटर्स के नाम हटाना आतंकवाद से भी ज्यादा खतरनाक है। सीएम ने राहुल गांधी की सराहना करते हुए कहा कि राहुल ने चुनाव आयोग को बेकनाब कर दिया। चुनाव आयोग ने उन पर लगाए गए आरोपों का जवाब अभी तक नहीं दिया है। स्टालिन ने कहा बीजेपी ने चुनावों को मजाक बना दिया है।

### आंख में आग लेकर हुआ स्वागत

स्टालिन ने वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने के तुरंत बाद एक्स पर लिखा, 'बिहार पहुंच गया हूं। लालू प्रसाद यादव की धरती अपनी आंखों में आग लेकर मेरा स्वागत करती है, इसकी मिट्टी पर हर चुराए गए वोट का बोझ है। मैं अपने भाइयों राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ उस वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुआ जो लोगों के दर्द को अजेय ताकत में बदल देती है।'

# कहां हैं मेरे 13 ठिकाने? कम से कम मुझे तो बताओ, कब्जा दिला दो

### ईडी रेड पर बोले आप नेता व पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कल दिल्ली एनसीआर में आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा। ये रेड स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में कथित घोटालों से जुड़े मामले में हुई है। इन ठिकानों को लेकर सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सवाल किया कि भाई 13 ठिकानें, जहां ईडी के छापे पड़े हैं, कहां हैं?

भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ईडी वालों से एक बहुत सख्त शिकायत मुझे और मेरे परिवार वालों को है। भाई 13 ठिकानें, जहां ईडी के छापे पड़े हैं, कहां हैं? सौरभ ने अपनी बात को दोहराते हुए कहा, मेरे ही 13 ठिकानों पर कल छापा पड़ा और मुझे ही कब्जा में नहीं दे रहे। कम से कम मुझे कब्जा तो दिलाओ, उन्हें बेचूं। या फिर ईडी उन ठिकानों की पॉवर ऑफ अटार्नी बनाकर दे कि भाई ये आपके हैं। ये कौन से ठिकाने हैं? सौरभ ने आगे बताया कि मेरी बेटी पूछ रही है, पापा डू यू हैव एन ऑफिस? इस पर मैने कहा कि बेटा वो सरकारी है। इस पर बेटी ने कहा कि नहीं, नहीं, एक ऑफिस है, जिसका फोटो चल रहा है। बेशर्मों शर्म करो। डूब मरो।

### *18 घंटे की ईडी की छापेमारी*

चिराग दिल्ली में भारद्वाज के आवास पर उनसे मुलाकात के बाद सिसोदिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मेरे भाई सौरभ भारद्वाज, 18 घंटे की ईडी की छापेमारी और साजिशों के बाद भी बेखौफ...उनकी हिम्मत और साहस हमारे लिए मिसाल है। हम एक परिवार हैं और जब तक हम साथ हैं, कोई झूठ और साजिश हमें नहीं झुका सकती।'सिसोदिया ने मीडियाकर्मियों से कहा, "कल ईडी ने छापेमारी के नाम पर नाटक किया। मैं इसे नाटक इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब भी भाजपा पर कोई संकट आता है और उन पर सवाल उठते हैं, ईडी लोगों के घरों पर छापेमारी शुरू कर देती है। जैसे ही लोगों ने मोदी जी की डिग्री पर सवाल उठाना शुरू किया, उन्होंने ये झूठी छापेमारी शुरू कर दी।"

**पार्टी में बहस के बाद आईटी प्रोफेशनल को जबरदस्ती कार में बंद कर पीटा**

# किडनैपिंग-मारपीट के आरोप साउथ एक्ट्रेस लक्ष्मी फरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मलयालम एक्ट्रेस लक्ष्मी मेनन पर एक आईटी पेशेवर ने कोच्चि में अपहरण और मारपीट की कोशिश के आरोप लगाए हैं। कोच्चि सिटी पुलिस आयुक्त पुट्टा विमलादित्य ने एक स्थानीय समाचार पत्र को बताया कि घटना के बाद से एक्ट्रेस फरार हैं। उन्होंने कहा कि चार में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि मामले में एक्ट्रेस की इन्वॉल्वमेंट को लेकर गहन जांच की जा रही है। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता, अलुवा निवासी अलियार शाह सलीम ने अपनी शिकायत में कहा कि शहर के एक बार में दो गुटों के बीच झगड़ा शुरू हुआ. लक्ष्मी मेनन, तीन दूसरे लोगों—मिथुन, अनीश और एक महिला



के साथ उस गुट का हिस्सा थीं. बाद में यह झगड़ा सड़क पर पहुंच गया।शिकायतकर्ता और उसके दोस्त भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आरोपियों ने उनका पीछा किया। रात करीब 11:45 बजे, नॉर्थ रेलवे ओवरब्रिज के पास शिकायतकर्ता की कार को रोका गया और उसे जबरदस्ती बाहर खींच लिया गया।

### फिल्म फेयर सहित जीते हैं कई अवार्ड

1996 में जन्मी मेनन अपने सफल फिल्मी करियर के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एक फिल्मफेयर अवॉर्ड साउथ, एक तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार और दो एसआईआईएमए अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। लेकिन अब वह इस अपहरण मामले में जांच के दायरे में हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है और लोगों से उनके ठिकाने के बारे में कोई भी जानकारी साझा करने की अपील की है।

### 1100 किलो का मोदक...



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बुधवार को 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान कर्मचारी 1100 किलो के मोदक और 221 किलो के लड्डू सजाते हुए।

### बांग्लादेश में विद्रोह के बाद 700 कैदी फरार

**ढाका।** बांग्लादेश के शीर्ष जेल अधिकारी ने दावा किया है कि पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान भागे करीब 2,700 कैदियों में से लगभग 700 अब भी फरार हैं, जिनमें कई फांसी की सजा पाए दोषी और इस्लामी आतंकवादी शामिल हैं। महानिरीक्षक (आईजी) जेल ब्रिगेडियर जनरल सैयद मुताहर हुसैन ने मंगलवार को बताया कि जुलाई 2024 में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान जेलों से बड़ी संख्या में कैदी भाग निकले थे। उन्होंने कहा, "फरार कैदियों में नौ इस्लामी आतंकवादी और मौत या आजीवन कारावास की सजा पाए हुए 69 दोषी शामिल हैं।" सात महीने पहले गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि करीब 700 कैदी अब भी जेल से बाहर हैं।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश में आयोजित 'रण संवाद 2025' को किया संबोधित**

# पांच साल तक चलने वाले युद्ध के लिए भी सेना को रहना होगा तैयार

## *महू सैन्य छावनी में तीनों सेनाओं की संगोष्ठी का दूसरा दिन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अप्रत्याशित भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए देश के सशस्त्र बलों को अल्पकालिक संघर्षों से लेकर पांच साल तक के युद्ध सहित सभी प्रकार की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्य प्रदेश के महू सैन्य छावनी के आर्मी वॉर कॉलेज में तीनों सेनाओं की संयुक्त संगोष्ठी 'रण संवाद 2025' के दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत किसी की जमीन नहीं चाहता, लेकिन



अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। सिंह ने कहा कि आज के दौर में युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित हो गए हैं कि यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि कोई युद्ध कब समाप्त होगा और कितने समय तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह है कि अगर कोई युद्ध दो महीने, चार महीने, एक साल, दो साल, यहां तक कि पांच साल तक भी चलता है, तो हमें उसके लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए।

### राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का मामला नहीं

सिंह ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल सेना का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण का मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें किसी की जमीन नहीं चाहिए, लेकिन हम अपनी जमीन की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। रक्षा मंत्री ने यह बात प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी सहित भारत के शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कही। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए तीनों सेनाओं की सराहना की और कहा कि यह अभियान भारत के स्वदेशी मंचों, उपकरणों और हथियार प्रणालियों की सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरा है।

### तकनीक-संचालित युद्ध का अद्भुत प्रदर्शन

सिंह ने कहा कि अगर हम ऑपरेशन सिंदूर की बात करें, तो यह वास्तव में तकनीक-संचालित युद्ध का एक अद्भुत प्रदर्शन था। युद्ध कला पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' की थीम पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद किया गया। हालांकि, सेना के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस कार्यक्रम की योजना 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने से काफी पहले बना ली गई थी। 'रण संवाद 2025' में तीनों सेनाओं के अधिकारियों ने रक्षा क्षेत्र की मौजूदा व भावी चुनौतियों और इनसे निपटने के उपायों पर विचार मंथन किया। इस दौरान कुछ संयुक्त सिद्धांत भी जारी किए गए।

# सीरिया में इजराइल का अटैक, 6 सैनिकों की मौत

एजेंसी ▶▶| दमिश्क

सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इस्राइली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चैनल के अनुसार, मंगलवार को दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गई। वहीं इस हमले पर इस्राइली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिसंबर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इस्राइल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं।

### हमले पर सीरिया की प्रतिक्रिया

सीरियन ऑब्जर्वेटरी ने बताया कि इलाके में कई ड्रोन हमले किए गए। एक हमला तो तब हुआ जब बचावकर्मी और एंबुलेंस मौके पर पहुंच चुके थे। कुल छह सैनिक मारे गए और कम से कम तीन लोग घायल हुए। इसके अलावा मंगलवार को ही इस्राइली ड्रोन ने दक्षिणी शहर कुनैतरा के पास भी हमला किया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं सीरिया के विदेश मंत्रालय ने कुनैतरा वाले हमले की कड़ी निंदा की है।

Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
ज्योतिष्मती तेल — रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।
गन्धपुरा तेल — जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।
निर्गुण्डी तेल — नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।
चीड़ तेल — मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।
पुदीना तेल — इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।
कपूर तेल — जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।
तिल तेल — मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।
अलसी तेल — जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।
Dr. Ortho Oil 20% EXTRA
Knee Pain | Back Pain | Shoulder Pain | Wrist Pain
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं।
मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
Clinically Tested*
UIN-A02-AY-PB-2025

# तलाक पर सुनीता बोली- भगवान भी हमें नहीं कर सकते अलग



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के तलाक की चर्चाओं के बीच बुधवार के दिन दोनों ने अपने घर में धूमधाम से गणपति स्थापना की। खास बात यह रही कि कपल ने एक साथ पपराजी के सामने पोज दिए और सुनीता ने यह दावा किया कि अगर भगवान भी आ जाएं तो भी उन्हें और गोविंदा को अलग नहीं कर सकते। हालांकि, कुछ समय पहले गोविंदा के वकील ललित बिंदल ने खुद इस बात की पुष्टि की थी कि सुनीता ने तलाक की अर्जी डाली थी। सुनीता आहूजा ने कहा, अगर कुछ हुआ होता, तो हम आज इतने करीब नहीं होते। हमारे बीच जरूर कोई दूरी होती। हमें कोई अलग नहीं कर सकता, ऊपर से खुद भगवान भी आ जाएं तो भी नहीं... मेरा गोविंदा सिर्फ मेरा है, किसी और का नहीं। जब तक हम खुद कुछ न कहें, कृपया कुछ भी मत कहिए। टीना आहूजा ने अपने माता-पिता के तलाक की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा था कि ये महज अफवाहें हैं। उन्होंने कहा कि वह ऐसी बातों को गंभीरता से नहीं लेतीं, क्योंकि उनके लिए ये गॉसिप से ज्यादा कुछ नहीं हैं। टीना ने यह भी कहा था कि वह खुद को खुशनसीब मानती हैं कि उन्हें इतना प्यारा परिवार मिला है।

# कोई खुशी से पागल भी हो सकता है : जयदीप

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर आस्क मि सेशन के दौरान एक फैन से सवाल का जवाब दिया जिसमें जयदीप की एक्टिंग की उन्होंने तारीफ की। यूजर ने सचिन से पूछा- जयदीप ने आपकी तारीफ में बहुत बातें की हुई हैं, आपको इस पर कुछ कहना है? यूजर के इस सवाल पर सचिन ने कहा, 'वो एक बेहतरीन एक्टर हैं और मुझे उनका काम काफी पसंद हैं। 'पाताल लोक' में हाथीराम का किरदार शानदार था।' सचिन की तरफ से खुद की तारीफ सुनकर जयदीप की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने तुरंत सचिन के पोस्ट को शेयर करते हुए अपने जज्बात बयां किए। जयदीप ने अपने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरीज लगाईं। पहली स्टोरी में उन्होंने लिखा- 'सर ऐसे मत करो कोई खुशी से पागल भी हो सकता है। बहुत बहुत शुक्रिया सर। इस मोमेंट को मैं पूरी जिंदगी अपने साथ संजोकर रखूंगा।' वहीं एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा- कहीं मैं सपना तो नहीं देख रहा हूं। आपका बहुत बहुत धन्यवाद सर। जयदीप अहलावत की पहली भूमिका साल 2008 की शॉर्ट फिल्म नरमीन में थी। उसके बाद उन्होंने प्रियदर्शन की फिल्म खट्टा-मीठा (2010) और 'आक्रोश' (2010) जैसी फिल्मों में छोटे लेकिन प्रभावशाली किरदार निभाए। जयदीप ने अपने करियर में ओटीटी पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी सबसे लोकप्रिय सीरीज 'पाताल लोक' में उनका 'हाथीराम' का किरदार अब तक का सबसे बेहतरीन रहा है।



# चेन्नई एक्सप्रेस से अलग है परम सुंदरी

एजेंसी ⏭ मुंबई



सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म परम सुंदरी लगातार चर्चाओं में बनी है। फिल्म अपनी रिलीज को तैयार है। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही परम सुंदरी की तुलना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की चेन्नई एक्सप्रेस से की जा रही है। फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट भी चेन्नई एक्सप्रेस से मिलता-जुलता लग रहा है। अब इस तुलना पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस पर खुशी जताई। हालांकि, इस दौरान एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में पूरी तरह से एक-दूसरे से अलग हैं। उन्होंने कहा, मुझे चेन्नई एक्सप्रेस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संदर्भ है। मैं इसे एक तारीफ के तौर पर लेती हूं। यह फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई थी। निश्चित रूप से ये दोनों फिल्में एक जैसी नहीं हैं। साथ ही जान्हवी ने लोगों से दक्षिण के किरदारों को लेकर एकमत न होने का भी आग्रह किया। दोनों फिल्मों को एक जैसा बताने पर जान्हवी ने कहा कि चेन्नई एक्सप्रेस एक हिट फिल्म है। लेकिन, दीपिका ने फिल्म में एक तमिलियन की भूमिका निभाई है। जबकि, मैं एक आधी तमिल, आधी मलयाली लड़की की भूमिका में हूं। अगर आप इसके बारे में सोचें, तो उन लोगों की ओर से एक सामान्यीकरण हो रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं और दक्षिण के सभी लोगों को एक साथ नहीं रखा जा सकता है। यह पूरी तरह से एक अलग परिवेश है। 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## टीवी मसाला




# दाल पर मचा बवाल, गौरव से भिड़ गए घरवाले; बसीर ने भी दिखाया गुस्सा

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की शुरुआत को अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, लेकिन घर के अंदर बहस और झगड़े का माहौल तेजी से गरमाने लगा है। वजह है- घर में दाल पर हुआ विवाद, जिसमें गौरव खन्ना और जीशान कादरी आमने-सामने आ गए, वहीं बसीर अली ने भी आग में घी डालने का काम किया। घर के अंदर खाना हमेशा से झगड़ों की जड़ रहा है और इस बार भी वही नजारा देखने को मिल रहा है। हुआ यूं कि घरवालों का कहना है कि गौरव खन्ना ने तीन कटोरी दाल खा ली, जिस पर जीशान कादरी का पारा चढ़ गया। जीशान ने गुस्से में गौरव को जाहिल आदमी तक कह डाला। बसीर अली ने भी गौरव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने घरवालों के लिए कोई परवाह नहीं की और अपनी मनमानी की। गौरव ने खुद को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने दाल केवल एक बार ही ली थी, लेकिन जीशान और बसीर का आरोप था कि उन्होंने बार-बार सर्व किया। गौरव ने इस बहस से तंग आकर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा- 'अगर इतनी ही दिक्कत है तो मुझे नॉमिनेट कर दो।' उनके इस एटिट्यूड ने माहौल को और ज्यादा गरमा दिया। जैसे ही प्रोमो सोशल मीडिया और यूट्यूब पर आया, दर्शकों के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कई फैंस ने गौरव खन्ना को स्मार्ट प्लेयर बताया। कुछ ने उनकी सीआईडी इंस्पेक्टर वाली पर्सनैलिटी और एटिट्यूड की जमकर तारीफ की। वहीं कुछ दर्शकों का मानना है कि यह विवाद गौरव की पोजीशन को और मजबूत करेगा।



# मेरे लिए सबसे जरूरी मैं भारतीय हूं

**मुंबई।** सारा अली खान के पिता मुस्लिम हैं तो वहीं उनकी मां हिंदू। सारा की खास बात यह है कि वह दोनों धर्म की रिस्पेक्ट करती हैं और उन्हें फॉलो करती हैं। अब सारा ने दोनों धर्म को लेकर बात की और बताया कि उनके लिए सबसे ऊपर भारत है। सारा ने कहा वह ईद भी मनाती हैं, गणेश चतुर्थी भी और क्रिसमस भी। सारा ने कहा, 'मेरे लिए सबसे ऊपर है कि मैं इंडियन हूं। मेरी आध्यात्मिक मान्यताएं चाहे जो भी हों, उनके मूल में भारतीय होने की अहम भावना है। मेरे लिए भारतीय होना मतलब सब त्योहारों को सेलिब्रेट करना। हम ईद मनाते हैं, हम गणेश चतुर्थी मनाते हैं, हम क्रिसमस मनाते हैं और मुझे लगता है कि सहानुभूति उतनी प्रचलित नहीं है जितनी होनी चाहिए, लेकिन त्यौहार इसकी अनुमति देते हैं।' गणेश चतुर्थी को लेकर सारा ने कहा कि यह त्योहार उनके लिए काफी स्पेशल है।



# दिलवाले... ले जाएंगे गाने को किया रीक्रिएट

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अक्सर अपनी क्यूट केमिस्ट्री के लिए फेमस हैं। यह जोड़ी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी मजेदार वीडियोज शेयर करते हैं। दोनों की जोड़ी हर किसी को खूब पसंद आती हैं। अब बुधवार को सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर एक रोड ट्रिप का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सोनाक्षी और जहीर अपने दोस्तों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में जहीर इकबाल गाड़ी चलाते दिख रहे हैं और सोनाक्षी के साथ मिलकर मशहूर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के गाने 'हो गया है तुझको तो प्यार सजना' पर मजेदार रील बनाते नजर आ रहे हैं, जो इस रोड ट्रिप के मूड को और भी रंगीन बना देता है। सोनाक्षी और जहीर की यह केमिस्ट्री फैंस को खूब भा रही है। वीडियो में उनकी मस्ती देखकर हर कोई मुस्कुरा रहा है।

# ये सेलेब्स हर वर्ष अपने घरों में करते हैं गणपति बप्पा का भक्तिभाव से स्वागत

**मुंबई।** बुधवार से गणेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस त्योहार को कई सितारे बहुत ही हर्ष के साथ हर वर्ष मनाते हैं। साथ ही वे गणपति बप्पा की मूर्ति भी अपने घर पर स्थापित करते हैं। इस कड़ी में सलमान खान, शिल्पा शेट्टी से लेकर माधुरी दीक्षित तक का नाम शामिल है।

**सोनाली बेंद्रे** : बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे हर वर्ष गणेश चतुर्थी बहुत ही धूमधाम से मनाती हैं और अपने घर में गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित करती हैं। साथ ही एक्ट्रेस इस त्योहार की झलकियां अपने सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।

**सलमान खान** : दिग्गज अभिनेता सलमान खान के परिवार में भी गणेश चतुर्थी बहुत ही भव्य तरीके से मनाई जाती है। इस त्योहार को मनाने की एक्टर के घर पर एक परंपरा हो गई, जहां उनकी बहन अर्पिता शर्मा हर साल बप्पा को घर ले आती हैं। साथ ही इस पर्व पर पूरा परिवार एक साथ इकट्ठा होता है और भक्ति भाव से सभी के मंगलकामनाओं की प्रार्थना करता है।

**अनन्या पांडे** : सिनेमाई दुनिया की युवा अभिनेत्री अनन्या पांडे भी भगवान श्री गणेश की परम भक्त हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर बप्पा को स्थापित करती हैं और उनकी सेवा करती हैं।



**शिल्पा शेट्टी** : शिल्पा शेट्टी पिछले कई वर्षों से अपने घर पर गणपति बप्पा का धूमधाम से स्वागत करती हैं और उनकी देखभाल करती हैं। इस त्योहार में उनका पूरा परिवार शामिल होता है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस बार सोशल मीडिया पर बताया कि वो परिवार में किसी के निधन के कारण यह पर्व नहीं मना पाएंगी।

**माधुरी दीक्षित** : बॉलीवुड की धक-धक गर्ल नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी परंपराओं की वजह से पहचानी जाती हैं। एक्ट्रेस भी अपने घर पर हर साल भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापित करती हैं, जिसकी तस्वीरें और वीडियोज अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं।

# असलियत बताने पर हमेशा उठती हैं उंगलियां

**मुंबई।** श्रुति हासन ने कहा है कि कैसे सोशल मीडिया पर लोग उन्हें 'प्लास्टिक सर्जरी की दुकान' कहते हैं। श्रुति ने कहा, 'जब मैंने अपनी बात रखी, तो मुझे कई तरह के ताने मिले। ये भी सुनने को मिला कि 'ओह, ये तो प्लास्टिक सर्जरी की दुकान है', लेकिन मुझे पता है कि मैंने क्या है और कितना किया है। मुझे यह भी पता है कि दूसरों ने कितना करवाया है। मुझे लगता है कि ईमानदारी की यही कीमत चुकानी पड़ती है। ठीक है। मैं इसका कभी प्रचार भी नहीं करती। लेकिन यह मेरी पसंद है।' श्रुति ने इस बात पर जोर दिया प्लास्टिक सर्जरी का उनका फैसला बेहद निजी है और यह दूसरों को प्रभावित करने के लिए बिल्कुल नहीं हैं। वह आगे कहती हैं, 'मैं अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती हूं, बाहरी फैसलों और बातें मुझे प्रभावित नहीं करतीं। प्यार में, जिंदगी में, काम में, सच बोलने या किसी बात की असलियत बताने पर हमेशा आप पर उंगलियां उठेंगी।'



## देशभर में मंदिरों से लेकर पंडालों तक गणेशोत्सव की धूम

# इन अभिनेताओं ने निभाई लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका

*मुंबई। बुधवार से पूरे देश में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। भक्त अपने घरों में बप्पा का स्वागत बड़े उत्साह के साथ करते हैं। मंदिरों से लेकर पंडालों तक, खासकर महाराष्ट्र में, यह त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। आइए, नजर डालते हैं उन अभिनेताओं पर जिन्होंने लोकप्रिय टीवी शो में भगवान गणेश की भूमिका निभाई है।*

### अद्वैत कुलकर्णी और अजिंक्य ठाकुर : जय देवा श्री गणेश

मराठी धारावाहिक 'जय देवा श्री गणेश' में अद्वैत कुलकर्णी ने बाल गणेश और अजिंक्य ठाकुर ने बड़े गणेश की भूमिका निभाई। यह शो 2020 में गणेशोत्सव के मौके पर शुरू हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह टीवी सीरियल महज 11 दिन में ऑफ एयर हो गया था। इसमें अजिंक्य ठाकुर, भाग्यश्री मोटे, पंकज विष्णु, अनुजा चौधरी, वेदांत रानाडे, अक्षय मिलिंद दांडेकर ने अहम भूमिका निभाई है।

### उजैर बसर 'विघ्नहर्ता गणेश'

बाल कलाकार उजैर बसर ने 'विघ्नहर्ता गणेश' में युवा गणेश की भूमिका निभाई है। यह टीवी शो 22 अगस्त 2017 को शुरू हुआ था और 12 नवंबर 2021 तक चला था। इस सीरियल में आकांक्षा पुरी, बसंत भट्ट, चिराग जानी, संजीव पांडे और विकास सलगोत्रा जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है। यह शो काफी प्रसिद्ध हुआ था।

### शनय भिसे जय मल्हार

*मराठी धारावाहिक 'जय मल्हार' 18 मई 2014 को शुरू हुआ था और 30 अप्रैल 2017 तक यह शो चला। इस शो में शनय भिसे ने गणेश की भूमिका निभाई। यह शो भगवान खंडोबा की कथा पर आधारित था। इस शो में सुरभि हंडे, ईशा केसकर, देवदत्त नागे, नकुल घनेकर, पूर्वा नीलिम सुभाष ने अहम भूमिका निभाई है।*




### स्वराज येवले और आदिश वैद्य - गणपति बप्पा मोरया

टीवी धारावाहिक 'गणपति बप्पा मोरया' में स्वराज येवले और आदिश वैद्य ने गणेश जी की भूमिका निभाई। यह शो 24 नवंबर 2015 से 13 अगस्त 2017 तक चला और 539 एपिसोड पूरे किए। यह शो माता पार्वती और उनके पुत्र गजानन के रिश्ते पर आधारित है। ये एक मराठी सीरियल है।

### साधिल कपूर, अल्पेश ढाकन, एहसान भाटिया देवो के देव...महादेव

*'देवो के देव...महादेव' एक लोकप्रिय शो रहा है। इसमें साधिल कपूर (2012), अल्पेश ढाकन (2013-2014), और एहसान भाटिया (2014) ने गणेश की भूमिका निभाई है। इस शो में मोहित रैना ने देवो के देव महादेव की भूमिका निभाई है। यह शो 18 दिसंबर 2011 को ये शुरू हुआ था और 14 दिसंबर 2014 को ये ऑफ एयर हुआ। 'देवो के देव...महादेव' में मौनी रॉय, सौरभ राज जैन, सोनारिका भदौरिया, पूजा बनर्जी, सुहासी गोराडिया धामी, अनुष्का सेन, रुशीराज पवार जैसे कई कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई।*

### जागेश मुकाती : श्री गणेश

दिवंगत अभिनेता जागेश मुकाती ने 1 अक्टूबर 2000 से 29 जून 2003 तक चले 'श्री गणेश' में गणेश जी का किरदार निभाया। टीवी सीरियल श्री गणेश भी काफी फेमस हुआ था। 1 अक्टूबर 2000 से शुरू होकर ये शो 29 जून 2003 को समाप्त हुआ। धीरज कुमार द्वारा निर्देशित ये शो भगवान गणेश की कहानी पर आधारित है। इस टीवी शो में अरुण पाल, सुनील नागर, गायत्री जयारमन, प्रियंका पुथरन ने भी अहम भूमिका निभाई है।

### आकाश नायर : गणेश लीला

आकाश नायर ने 2009-2010 में 'गणेश लीला' में भगवान गणेश की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भगवान गणेश पर कई सीरियल बने, उन्हीं में से एक है 'गणेश लीला'। 2009 में शुरू हुआ ये शो प्रसिद्ध सीरियल्स में से एक है। इसमें भगवान गणेश का किरदार आकाश नायर ने निभाया है। आकाश इस रोल से काफी प्रसिद्ध हुए।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/07 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
| --- | --- | --- |
| सहायक डेटा संरक्षण अधिकारी | 1 | 45 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/09 (संविदा पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्तियों की संख्या | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.05.2025) |
| --- | --- | --- | --- |
| प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-III | 2 | 40 |
| उप प्रबंधक (सैलरी पैकेज प्रोडक्ट्स) | एमएमजीएस-II | 2 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 25.08.2025 से 15.09.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 25.08.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देगी उनकी टैरिफ नीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नापाक साजिशें धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं। ट्रंप ने दो बार में भारत के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ यह कहते हुए लगा दिया कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे आर्थिक संबल दे रहा है, जिसके बल पर रूस यूक्रेन पर हमले कर रहा है। उसने भारत पर 50% टैरिफ लगा दिया है ताकि वह रूसी तेल की खरीद रोक दे। जबकि अमेरिका खुद पर्दे के पीछे रूस से सौदेबाजी करने में जुटा है। यह अमेरिका की फूट डालकर राज करने की साजिश का ही एक हिस्सा है। अगर अमेरिकी सच में रूस के आर्थिक लाभ को खत्म करना चाहता तो उसे भारत से पहले चीन पर कार्रवाई करनी थी। जो भारत से ज्यादा तेल रूस से खरीद रहा है, लेकिन अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि वो दोनों हाथों में लड्डू रखने की रणनीति पर चल रहा है। एक तरफ तो वो चीन को नाराज नहीं करना चाहता, वहीं दूसरी तरफ रूस से भी सौदेबाजी कर रहा है। अमेरिका गुप्त रूप से रूस के साथ ऊर्जा सौदों पर बात कर रहा है। बहाना तो ये है कि ये बातचीत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हो रही थी। इसमें एक्सॉनमोबिल का रूस के सखालिन-एक तेल और गैस प्रोजेक्ट में फिर से शामिल होना शामिल है। रूस की ओर से अमेरिकी उपकरणों को अपनी एलएनजी परियोजनाओं के लिए खरीदने की संभावना बताई जा रही है। अमेरिकी अधिकारी कुछ प्रतिबंधों को कम करके क्रेमलिन को शांति के लिए सहमत करने के तरीके खोज रहे हैं। एक समझौते में अमेरिका की ओर से रूस से परमाणु-संचालित आइसब्रेकर जहाजों को खरीदना भी शामिल है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद अमेरिका ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए थे। इससे रूस अंतरराष्ट्रीय निवेश से कट गया था। लेकिन, अमेरिका के अधिकारी रूस को शांति के लिए मनाने के लिए कुछ प्रतिबंधों को हटाने के बारे में सोच रहे हैं। असल में अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध में भी अपना आर्थिक फायदा देख रहा है। उसे लग रहा है कि शांति स्थापना के नाम पर वो मोटा फायदा ले सकता है। भारत ने तो टैरिफ के ऐलान के बाद ही कह दिया था कि अमेरिका पाखंड कर रहा है। विदेश मंत्रालय का कहना था कि यह ताज्जुब की बात है कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत ने वाशिंगटन को याद दिलाया कि वह भी रूस से यूरेनियम और पैलेडियम जैसे उत्पाद खरीदता है। भारत ने यह भी कहा कि 2024 में यूरोपीय संघ का रूस के साथ 67.5 अरब यूरो का द्विपक्षीय व्यापार था। वहीं, अमेरिका रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। तस्वीर शीशे की तरह साफ है कि भारत पर टैरिफ लगाने के पीछे अमेरिका की मंशा रूस-यूक्रेन युद्ध न होकर केवल और केवल अपना स्वार्थ है। वो अपना उल्लू सीधा करने की कोशिशों में लगा है, लेकिन इस रणनीति में उसे मुंह की खानी पड़ सकती है। एक तो अमेरिका में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है, दूसरा अमेरिका के इस स्वार्थ के चलते भारत-चीन नजदीक आ रहे हैं। ट्रंप ने तकनीक के मामले में चीन को पछाड़ने के लिए और अमेरिका को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए एआई एक्शन प्लान की घोषणा की थी। अब चीन को ऐसे टाइम पर भारत के समर्थन की जरूरत है। चीन चाहता है कि इस टेक वॉर में भारत उसका साथ दे। अब खबरें आ रही हैं कि भारत चीन का बाहर से समर्थन कर सकता है। यह अमेरिका के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।

## विमर्श

सोनम लववंशी



# दहेज हत्या : बेटियों की चिता पर खड़ा समाज !

ग्रेटर नोएडा की निक्की भाटी की कथित निर्मम हत्या की खबर किसी एक परिवार की त्रासदी भर नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की चेतना को झकझोरने वाली घटना है। यह सिर्फ दहेज और घरेलू हिंसा की एक और वारदात नहीं, ये उस अंधकार का चेहरा है जो हमारी सभ्यता और संस्कृति की परतों में छिपा हुआ है। सवाल सिर्फ एक बेटी के जीवन पर नहीं, सवाल उस सोच पर है, जिसने बेटियों को आज भी वस्तु बना दिया है। यह घटना हमें आईना दिखाती है कि लंबे समय से चले आ रहे दहेज-प्रथा विरोधी कानूनों, महिला सशक्तिकरण के नारों और सामाजिक सुधार के दावों के बावजूद हमारी बेटियां अब भी सुरक्षित नहीं हैं। निक्की और उसकी बहन की शादी साल 2016 में एक ही घर में हुई थी। तब से दोनों पर लगातार दहेज का दबाव बनाया जा रहा था। पति-पत्नी के रिश्ते को समाज अक्सर 'निजी मामला' मानकर चुप्पी साध लेता है, लेकिन जब यह चुप्पी किसी की जान ले ले, तब यह सिर्फ निजी मामला नहीं रह जाता, बल्कि पूरे समाज पर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। निक्की के पति ने पहले भी मारपीट और हिंसा की, यहां तक कि कुछ महीने पहले के उसके वायरल वीडियो तक सामने आए। लेकिन यह सब जानने के बाद भी निक्की को उसके मायके वालों ने बार-बार यही समझाया कि घर-गृहस्थी की बात घर में ही ठीक कर लो, समाज में बाहर मत लाओ। यही सोच अंततः उसे कब्र तक पहुंचा गई। आंकड़े बताते हैं कि यह त्रासदी अपवाद नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार भारत में हर साल हज़ारों महिलाएं दहेज के कारण अपनी जान गंवाती हैं। वर्ष 2020 में देशभर में 6966 दहेज हत्या के मामले दर्ज हुए, 2021 में लगभग 6700 और 2022 में भी 6500 से अधिक मामले सामने आए। ये वे आंकड़े हैं, जो तमाम संकोच और दकियानूसी सोच की दीवारों को तोड़कर सामने आ पाते हैं। वरना कितने ऐसे मामले होते हैं जो घर की चारदीवारी में ही कैद रहकर दर्द के बेइंतहा हो जाने का इंतजार करते हैं। जब तक किसी लड़की की स्थिति निक्की जैसी न हो जाए। भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 में दहेज हत्या के लिए न्यूनतम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है, लेकिन न्याय की धीमी प्रक्रिया, लंबी मुकदमेबाजी, गवाहों पर दबाव और समझौते की मजबूरी के चलते न्याय की धार अक्सर कुंद हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में जितने केस लंबित थे, उनमें से केवल 2 प्रतिशत मामलों में ही दोषसिद्धि हो सके। यह आंकड़ा न सिर्फ न्याय-प्रणाली की धीमी चाल को बयान करता है, बल्कि अपराधियों के हौसले भी बुलंद करता है। हमारे समाज में अब भी यह सोच गहरे पैठ कर गई है कि लड़की एक बार ससुराल चली जाए तो वहीं की होकर रह जाती है। यही सोच बेटियों को बार-बार अपने ही घर में घुटने पर मजबूर करती है। निक्की ने अपने पिता और भाई के डर को समझा, अपने मायके के टूटने की चिंता में वर्षों तक यातना सही। लेकिन अंततः उसका जीवन समाप्त हो गया। यहां सवाल यह है कि जब शिक्षा और आधुनिकता की बातें हर मंच पर हो रही हैं, तब भी समाज का यह पिछड़ा और अमानवीय चेहरा क्यों बरकरार है? सरकारें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन जब तक बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक कोई भी योजना अधूरी है। निक्की जैसी घटनाएं बताती हैं कि हमें सिर्फ नारे लगाने से आगे बढ़कर कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई की ज़रूरत है। हर बार जब किसी बेटी की हत्या होती है या उसे दहेज की आग में झोंक दिया जाता है, तो समाज कुछ दिनों तक आक्रोश जताता है। अखबारों की सुर्खियां बनती हैं, टीवी पर बहस होती है, सोशल मीडिया पर सहानुभूति उमड़ती है। लेकिन कुछ ही समय बाद यह सब भूलकर हम अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो जाते हैं। यही भूलना अपराधियों को और निर्भीक बनाता है। बेटियों की सुरक्षा सिर्फ कानून से नहीं, समाज की मानसिकता बदलने से होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बेटियां बोझ नहीं, हमारे अस्तित्व की शक्ति हैं। उन्हें चुप कराने के बजाय आवाज़ देने की ज़रूरत है। वह सिर्फ एक बेटी नहीं थी, वह एक चेतावनी थी, एक पुकार थी। उसके नाम पर सिर्फ आंसू बहाना पर्याप्त नहीं, हमें एक ऐसी व्यवस्था खड़ी करनी होगी, जहां कोई और बेटी अपनी शादी को मौत की गुफा न समझे। यदि समाज अब भी नहीं बदला तो हमारी बेटियां इसी अंधेरे में गुम होती रहेंगी। न्याय, सुरक्षा और सम्मान, ये तीनों किसी भी सभ्य समाज की नींव हैं। अगर हम बेटियों को यह तीनों नहीं दे पा रहे, तो हमें अपनी सभ्यता पर गर्व करने का कोई अधिकार नहीं। निक्की का बलिदान व्यर्थ न जाए, यही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# निर्यात से निकलेगा टैरिफ का तोड़

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों और पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

एक ओर जब 27 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोई चाहे कितना भी दबाव डाले, आत्मनिर्भर भारत झुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा कि देश के छोटे उद्योगों, किसानों व पशुपालकों के हित सर्वोपरि हैं और उनके आर्थिक हितों पर रणनीतिपूर्वक ध्यान दिया जाएगा। सभी के द्वारा स्वदेशी को जीवन मंत्र बनाना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत उपाय कर सकता है। साथ ही भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पिछले वित्त वर्ष 2024- 25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमेरिका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने मुश्किलें खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। खासतौर से देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित निर्यात पर भारी असर पड़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि कपड़ा, रत्न, रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, झींगा, हस्तशिल्प और चमड़ा जैसे क्षेत्रों को ऊंचे टैरिफ से भारी नुकसान होने की आशंका है। अमेरिकी खरीदार भारत के लिए अपने निर्यात आदेशों को भी बदलने के संकेत दे रहे हैं। ऐसे में बढ़े हुए टैरिफ से एमएसएमई की चुनौतियों से बड़ी संख्या में नौकरियाँ भी खतरे में पड़ गई हैं। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ से निर्मित चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय देश के पास मौजूद आर्थिक अनुकूलताएं देश की आर्थिक ताकत बन गई हैं। देश में ऊंचाई छूती घरेलू खपत से घरेलू बाजार मजबूत बना हुआ है। जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है। महंगाई भी नियंत्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास दिखाई दे रहा है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही हैं। निर्यातकों के समक्ष उपस्थित निर्यात चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए देश के वाणिज्यिक बैंक ब्याज दरों में छूट,कर्ज भुगतान करने के लचीले विकल्प प्रदान कर रहे हैं और निर्यात बीमा एवं ऋण गारंटी योजनाएं ज्यादा सुगमता से उपलब्ध करा रहे हैं। वे नए-नए निर्यात बाजारों में जाने के लिए प्रोत्साहित करने के इरादे से कार्यशालाएं भी आयोजित कर रहे हैं। केंद्र सरकार बजट में घोषित निर्यात संवर्धन मिशन के तहत वर्ष 2031 तक के लिए निर्यातकों को लगभग 25,000 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करने वाले उपायों पर विचार कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्यातकों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। ये उपाय भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न होने वाली वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में उच्च स्तर पर निर्यात प्रधान उद्योगों को कार्यशील पूंजी व ऋण आसानी से उपलब्ध कराने तथा ब्याज में छूट देने के साथ



विभिन्न तरह के प्रशासनिक शुल्क जैसे लोन प्रॉसेसिंग, फॉरेक्स हैंडलिंग और कलेक्शन शुल्क से छूट देने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे प्रभावित व्यवसायों की परिचालन लागत में कमी आ सके। निश्चित रूप से एमएसएमई निर्यातकों के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां भी खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं।

उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र की देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में अहम भूमिका है। हाल ही में राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब 28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकार ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित निर्यात सहित बहुआयामी चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहले शामिल हैं।

उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किए जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान करनी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुठ्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं। उम्मीद करें कि भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती से मुकाबले के लिए सरकार निर्यातकों को नई निर्यात प्रोत्साहन योजना की छतरी प्रदान करेगी और रणनीतिक कदमों से एमएसएमई को सहारा देते हुए अमेरिकी टैरिफ की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित

**दर्शन**

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सर्वोत्तम रूप है।

# काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित

**प्रेरणा**

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?'केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंधेरी चा राजा



महाराष्ट्र के मुंबई में अंधेरी के वीरा देसाई रोड पर बुधवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान भगवान गणेश की मूर्ति, 'अंधेरी चा राजा'।

## आज की पाती

### विज्ञान की भी अपनी सीमाएं हैं

वैसे तो विज्ञान ने हर असंभव को संभव बनाने के लिए बहुत काम किया है और काफी हद तक सफल भी हुआ है। मानव को आज हर सुविधा और आराम उपलब्ध है, परंतु न तो कैंसर जैसे असाध्य रोग की अचूक औषधि खोज पाया और न ही ऐसी दवाई ही खोजी जो मनुष्य को सदैव स्वस्थ और बुढ़ापे के लक्षणों से सदा के लिए निजात दिला सके। यह बात लगेगी सभी को बेतुकी और प्रलाप मात्र, पर यह यक्ष प्रश्न है, जिसके समक्ष आकाश की खोज खबर लेने वाला मानव असहाय दिखता है। यह वैज्ञानिकों को एक खुली चुनौती है। भले ही हरिद्वार के इम्युनोट के वैज्ञानिकों ने प्राचीन भारतीय आयुर्वेद को इस कार्य करने में सक्षम कहा है। लेकिन संसार को कब यह दवाई उपलब्ध होगी, इसका इंतजार है।

*- प्रदीप डांगे, भिलाई*

## करंट अफेयर

# नेपाल में हिंदुओं ने मनाया गणेश चतुर्थी का पर्व

नेपाल में हिंदुओं ने बुधवार को भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके गणेश चतुर्थी मनाई। भगवान गणेश विघ्नहर्ता और बुद्धि एवं समृद्धि के देवता हैं। चंद्र कैलेंडर के अनुसार भाद्र शुक्ल चतुर्थी को मनाए जाने वाले इस त्योहार के अवसर पर काठमांडू के कमलादि गणेश, अशोक बिनायक और सूर्य बिनायक सहित प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य शहरों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान विघ्न विनाशन गणेश को फूल, फल और मिठाइयाँ अर्पित कीं तथा सौभाग्य, ज्ञान और समृद्धि की कामना की। काठमांडू में हिंदू और बौद्ध धर्म को मानने वाले नेवार समुदाय के सदस्यों ने इस अवसर पर एक विशेष भोज का आयोजन किया जिसमें पीसा हुआ चावल, उबले और तले हुए अंडे, सूखी मछली, मांस और काली दाल, सेम, अदरक और लहसुन से बने भोज्य पदार्थ शामिल थे। यह प्रसाद पहले भगवान गणेश को समर्पित किया गया और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने त्योहार मनाने के लिए धार्मिक गीत भी गाए और पारंपरिक संगीत बजाया।



## ऑफ बीट

# जलमग्न पाषाणकालीन बस्तियों का चला पता

उत्तरी डेनमार्क में अरहुस की खाड़ी के गहरे नीले पानी के नीचे, पुरातत्वविद 8,500 वर्ष से भी अधिक पहले समुद्र का जलस्तर बढ़ने के कारण नष्ट हो चुकी तटीय बस्तियों की खोज कर रहे हैं। इस ग्रीष्म ऋतु में, गोताखोर डेनमार्क के दूसरे सबसे बड़े शहर अरहुस के निकट समुद्री लहरों से लगभग 8 मीटर (26 फुट) नीचे उतरे और सागर तल से पाषाण युग की बस्तियों के साक्ष्य एकत्र किए। यह कवायद बाल्टिक और उत्तरी सागर में समुद्र तल के कुछ हिस्सों का मानचित्रण करने के लिए यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित 1.32 करोड़ यूरो (1.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की छह-वर्षीय अंतरराष्ट्रीय परियोजना का हिस्सा है, जिसमें अरहुस के साथ-साथ ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय और जर्मनी के लोअर सेक्सोनी इंस्टीट्यूट फॉर हिस्टोरिकल कोस्टल रिसर्च के शोधार्थी भी शामिल हैं। परियोजना का लक्ष्य डूबे हुए उत्तरी यूरोपीय भू-भाग का पता लगाना और अपतटीय पवन चक्कियों के क्षेत्र तथा अन्य समुद्री अवसंरचना के विस्तार के साथ लुप्त मध्यपाषाणकालीन बस्तियों की खोज करना है। हिमयुग के बाद विश्व में समुद्र का जलस्तर बढ़ा था। हिमयुग के बाद, बर्फ की विशाल चादरें पिघल गईं और समुद्र का जल स्तर बढ़ गया, जिससे पाषाण युग की बस्तियां जलमग्न हो गईं।



## ट्रेंड

### भूस्खलन से हादसा दुःखद



जम्मू-कश्मीर के वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुआ हादसा अत्यंत दुःखद है। इस सम्बन्ध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है और एनडीआरएफ की टीम भी वहां पहुंच रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पर्यावरण बचाएं



प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत आज नई दिल्ली में पौधा लगाया। पेड़ धरती की खूबसूरती और जीवन की खुशहाली के लिए अनमोल हैं। आइए, हम सब मिलकर पर्यावरण बचाने का कर्तव्य निभाएँ।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### स्वदेशी उत्पाद अपनाएं



मेरा प्रयास हमेशा यही रहता है कि ज़रूरत की हर चीज़ों में स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की मेहनत से बनी वस्तुओं का उपयोग करूँ। आप सबसे भी आग्रह है कि आप भी अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर उनका हौसला बढ़ाएँ।

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### लोकतांत्रिक लड़ाई



बिहार एक बार फिर भारत की लोकतांत्रिक लड़ाई का केंद्र बन गया है। मतदाताओं को हटाकर या संस्थाओं पर कब्जा करके भाजपा जनता की शक्ति को कुचल नहीं सकती। यही वह चिंगारी है जो लोकतंत्र के अगले अध्याय को रोशन करेगी।

-एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब कफ की वजह से गले में हो पेन-ईचिंग



**मेरी उम्र 24 वर्ष है। मेरे गले में हमेशा कफ जमा रहता है और कभी-कभी गले में चुभन भी महसूस होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और मेरे गले की यह समस्या कैसे ठीक होगी?**

**-शौर्य, रायपुर**

आपने यह नहीं बताया कि यह समस्या आपको कब से है? अगर हाल फिलहाल से है तो कुछ दिन वेट कर सकते हैं, लेकिन अगर लंबे समय से समस्या चल रही है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। क्योंकि लंबे समय तक खांसी आना या कफ रहना अच्छे संकेत नहीं हैं। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर आप जांच कराएं। इसके आधार पर जरूरत पड़ने पर डॉक्टर उपचार शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मुझे लंबे समय से साइनस की प्रॉब्लम है। इसके लिए काफी दवाइयां लेने और घरेलू उपचारों के बाद भी यह ठीक नहीं हुआ। कृपया बताएं, क्या करूं कि मेरी साइनस की प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-ललित, बिलासपुर**

साइनस के उपचार के संबंध में बगैर जांच किए कुछ भी कहना या ट्रीटमेंट बता पाना मुश्किल है। साइनस कैसा है, कितना है, यह जानने के बाद ही उसका सही ट्रीटमेंट हो सकेगा। इसलिए बेहतर होगा कि आप ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच करने के बाद ही इसका सही उपचार करेंगे।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे बाएं पैर में पंजे से लेकर घुटने के नीचे तक सूजन हो गई है। सूजन वाले हिस्से में दर्द भी होता है। कृपया बताएं कि ऐसा किस वजह से हुआ है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-पंकज, रायगढ़**

कई बार सूजन की वजह शुगर बढ़ना भी हो सकता है। क्या आपको डायबिटीज की प्रॉब्लम है? अगर नहीं है तो आपको जांच करवा लेना चाहिए। हालांकि सूजन का कारण कई बार किडनी की समस्या भी होती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क करें, वह जांच कर कारण बता पाएंगे। उसके बाद ही सही ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे पेट में नाभि के नीचे हमेशा हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द असहनीय हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का उचित समाधान बताएं।**

**-चंद्रदेव, हिसार**

इस तरह का दर्द कई बार गैस की वजह से होता है, जो बहुत असहनीय होता है। अगर आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है और गैस बनती है, तो दर्द की वजह गैस की समस्या हो सकती है। अगर ऐसा नहीं है तो संक्रमण भी कई बार पेट दर्द का रीजन होता है। संक्रमण के उपचार के लिए आपको डॉक्टर से सलाह लेकर दवा लेनी पड़ेगी।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मुझे चेन-स्मोकिंग की लत है। तमाम कोशिशों के बाद भी मैं इसे छोड़ नहीं पा रहा हूं। इसकी वजह से अब मुझे लगातार खांसी और सांस फूलने की समस्या होने लगी है। ऐसे में मैं क्या करूं, समझ नहीं आता। कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**

**-कुणाल, भोपाल**

आजकल स्मोकिंग छुड़ाने के लिए कई सारे डीएडिक्शन इलेक्शन सेंटर होते हैं। आपको वहां संपर्क करना चाहिए, क्योंकि आपको खांसी आ रही है, ऐसे में स्मोकिंग करेंगे तो इससे और नुकसान होगा। लंग्स में दिक्कत बढ़ सकती है। इससे परेशानी और बढ़ेगी। बेहतर होगा कि आप डीएडिक्शन सेंटर से संपर्क करें और वहां पर इसका ट्रीटमेंट कराएं। इससे आपकी लत छूटेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## अवेयरनेस



**प्रतीक्षा कदम**
चीफ डाइटीशियन, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

इंटरनेशनल यूनियन ऑफ न्यूट्रिशनल साइंसेस के अनुसार तमाम बीमारियों का एक प्रमुख कारण समुचित पोषण न मिलना या दूसरे शब्दों में कहें तो कुपोषण (मालन्यूट्रिशन) है। कुपोषण, तमाम शारीरिक समस्याओं को बुलावा देता है। इनमें एनीमिया, स्कर्वी, घेंघा, रतौंधी, रिकेट्स, बेरी-बेरी, यकृत (लिवर) और श्वसन तंत्र संबंधी आदि समस्याओं को शामिल किया जा सकता है।

राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार कुपोषण की मार बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जैसे- उम्र के अनुसार बच्चों की बौद्धिक क्षमता का समुचित रूप से विकसित न होना, वजन कम होना और उनकी आयु के अनुसार लंबाई न बढ़ना आदि। वहीं वयस्कों में श्रम किए बगैर थकान महसूस होना, मांसपेशियों में कमजोरी, रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यूनिटी सिस्टम का कमजोर होना, चिड़चिड़ापन, दुर्बलता, वजन का कम होते जाना और यौन संपर्क की इच्छा में कमी आदि समस्याएं सामने आ सकती हैं। शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों में शामिल हैं-

**प्रोटीनः** यह पोषक तत्व एमीनो एसिड से निर्मित होता है, जो विभिन्न शारीरिक क्रियाओं को समुचित रूप से संचालित करते हैं। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को प्रोटीन की कहीं अधिक आवश्यकता होती है। प्रोटीन के कारण ही शिशुओं और बच्चों का समुचित शारीरिक विकास होता है। वयस्कों में प्रोटीन के जरिए शरीर में होने वाली कोशिकाओं की क्षति की पूर्ति होती है। टीनएजर्स में होने वाले शारीरिक विकास के लिए भी प्रोटीन आवश्यक है।

**स्रोतः** दूध और इससे निर्मित उत्पादों में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। सोयाबीन, दाल, अंडा और मीट भी प्रोटीन के स्रोत हैं। गर्भवती महिलाओं और बढ़ती उम्र के बच्चों को प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों के बारे में अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**कार्बोहाइड्रेटः** यह एक प्रमुख पोषक तत्व है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।

**स्रोतः** गेहूं, चावल, मक्का और विभिन्न प्रकार के अनाजों में कार्बोहाइड्रेट काफी पाया जाता है।

**विटामिंस और अन्य पोषक तत्वः** शरीर को स्वस्थ रखने और उसे बीमारियों से बचाने में विभिन्न प्रकार के विटामिंस और अन्य पोषक तत्वों का भी काफी महत्व है।

**विटामिन एः** यह विटामिन नेत्रों की कार्यप्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक है। इस विटामिन की कमी से रतौंधी नामक रोग हो जाता है। यह विटामिन, संक्रामक रोगों से बचाव करता है और त्वचा को भी पोषण प्रदान करता है।

**स्रोतः** दूध और इससे निर्मित उत्पादों जैसे दही, मट्ठा, टमाटर, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। इसके अलावा पीले और नारंगी रंग के फलों और सब्जियों में भी यह विटामिन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन बी कॉम्प्लेक्सः** इस विटामिन के कई प्रकार हैं। यह विटामिन मुख्य रूप से शरीर के तंत्रिका तंत्र यानी नर्वस सिस्टम को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।

**स्रोतः** यह विटामिन फलों, सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन सीः** यह विटामिन विभिन्न रोगों से बचाव कर शरीर की रोग प्रतिरोधक तंत्र (इम्यून सिस्टम) को सशक्त बनाने में सहायक है। विटामिन सी की कमी से स्कर्वी नामक रोग हो जाता है, जिसके कारण मसूड़ों से संबंधित समस्याएं पैदा हो जाती हैं।

**स्रोतः** यह विटामिन खट्टे फलों जैसे आंवला, संतरा, नीबू और मौसंबी में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन डीः** विटामिन डी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार है।

**स्रोतः** यह विटामिन सूर्य की किरणों में प्रमुख रूप से पाया जाता है।

**आयरनः** यह एक प्रमुख खनिज तत्व (मिनरल) है, जो शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन के बनाने में मददगार है। आयरन की कमी से शरीर में रक्त की कमी या एनीमिया नामक रोग हो जाता है। एनीमिया की समस्या खासकर गर्भवती माताओं और बच्चों में सबसे ज्यादा होती है।

**स्रोतः** आयरन हरी पत्तेदार सब्जियों खासकर पालक में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा यह बाजरा, रागी, ड्राई फ्रूट्स और गुड़ में भी उपलब्ध है।

**कैल्शियमः** यह एक महत्वपूर्ण मिनरल है। कैल्शियम शरीर की हड्डियों के विकास और उनकी मजबूती के लिए जरूरी है। यह दांतों को भी मजबूत बनाए रखता है।

**स्रोतः** कैल्शियम, दूध और इससे निर्मित उत्पादों और सोयाबीन में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। पालक, बथुआ आदि, फलियां या बींस और दालें भी कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं।

**वसाः** वसा शरीर को ऊर्जा प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है, लेकिन अधिक मात्रा में विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए इसे ग्रहण करने पर यह मोटापे का कारण बनता है। विभिन्न आयु वर्गों के अनुसार वसायुक्त खाद्य पदार्थों के ग्रहण करने की मात्रा बदलती रहती है। इसलिए इस संदर्भ में अपने डॉक्टर या डाइटीशियन से परामर्श लेना चाहिए।

**स्रोतः** घी, मक्खन और जंतुओं से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों में प्रचुर मात्रा में वसा पाया जाता है। इसके अतिरिक्त खाना बनाने के इस्तेमाल में आने वाले तेलों में भी वसा पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**आयोडीनः** हमारे शरीर में थायरॉइड ग्रंथि द्वारा स्रावित होने वाला हार्मोन आयोडीन से ही निर्मित होता है। आयोडीन शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है। आयोडीन की कमी हाइपोथाइरॉयडिज्म और घेंघा जैसे रोगों को उत्पन्न कर सकती है।

**स्रोतः** आयोडीन युक्त नमक का सेवन करें। समुद्र से मिलने वाले खाद्य पदार्थों में भी आयोडीन पाया जाता है। फूलगोभी और बंदगोभी के सेवन से भी आयोडीन की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

**स्पेशलः नेशनल न्यूट्रिशन वीक, 1-7 सितंबर**

अलग-अलग उम्र के अनुसार समुचित पोषक तत्वों को खान-पान में शामिल करने को पोषण (न्यूट्रिशन) कहा जाता है। पर्याप्त पोषण के लिए आहार में सभी जरूरी पोषक तत्वों के बीच एक संतुलन आवश्यक है। इसके अभाव में शरीर में कई तरह के रोग हो सकते हैं। ऐसे में इन पोषक तत्वों के बारे में जानना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां बहुत महत्वपूर्ण सजेशन दे रहे हैं।

# हेल्थ के लिए बहुत जरूरी न्यूट्रिशन पर दें प्रॉपर अटेंशन







## इन बातों का रखें ध्यान



**आपकी डाइट** में पोषक तत्व तो शामिल होने ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही आपको कुछ और बातों का भी ध्यान रखना चाहिए।

**बैलेंस्ड डाइट है जरूरीः** जब कोई शख्स अपने आहार में अत्यधिक मात्रा में पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) को वरीयता देने लगता है और इसके साथ ही वह व्यायाम या शारीरिक सक्रियता से दूर रहता है तो इस स्थिति में उसके मोटापे से ग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। स्वस्थ बने रहने और मोटापा नियंत्रण के लिए खान-पान से संबंधित इन बातों पर ध्यान दें-

**जंक फूड्स से परहेज करेंः** ज्यादातर जंक फूड्स में रिफाइंड आटा, अत्यधिक मात्रा में वसा, ट्रांस फैट, शुगर और नमक ज्यादा मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद नहीं हैं। कभी-कभार इन्हें खाया जा सकता है। शुगर युक्त कोल्ड ड्रिंक्स से जहां तक संभव हो, परहेज करें।

**खाने में नमक कमः** जो लोग 50 या इससे अधिक उम्र वाले हैं या जिन्हें हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या क्रॉनिक किडनी डिजीज है, उन्हें अपनी डाइट में नमक की मात्रा कम रखनी चाहिए। इस बारे में डॉक्टर से परामर्श लें।

**टीवी देखते हुए खाना न खाएंः** इन दिनों टेलीविजन देखते हुए या फिर फोन पर बात करते हुए खाना आम बात है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार खान-पान की यह आदत (ईटिंग हैबिट) सेहत के लिहाज से अच्छी नहीं है। आपका पेट भरा या नहीं इस बात का मस्तिष्क को संदेश 20 मिनट के बाद मिलता है। इसलिए खाना धीरे-धीरे चबा-चबाकर खाएं। जिस वक्त आप टीवी देख रहे होते हैं, उस वक्त आपका ध्यान उस पर चल रहे दृश्यों पर केंद्रित होता है। इस स्थिति को माइंडलेस ईटिंग कहते हैं यानी खाना खाने के साथ ही आपका मन किसी दूसरी जगह पर या किसी दूसरी वस्तु पर केंद्रित है। वहीं माइंडफुल ईटिंग उस स्थिति को कहते हैं, जब आपका ध्यान अपने भोजन पर ही केंद्रित हो। पोषण के लिहाज से यह जरूरी है। अच्छे पोषण के लिए आपका उसे ध्यानपूर्वक खाना जरूरी है।




**फिटनेस फंडा / मोहम्मद सऊद मंसूरी**

# मेरा फिटनेस प्लान बहुत टफ नहीं है

मेरे लिए फिटनेस को मेंटेन करना बहुत इंपॉर्टेंट है। इसके लिए मैं अपनी डाइट और वर्कआउट दोनों का ध्यान रखता हूं।

**डाइट प्लानः** मैं 14 घंटे का इंटरमिटेंट फास्ट करता हूं। लंच में आमतौर पर उबला हुआ चिकन और चावल लेता हूं और डिनर में हाई-फाइबर चिकन पुलाव। मेरा डाइट प्लान बहुत टफ नहीं बल्कि फ्लेग्जिबल होता है, जिसमें खासतौर पर पोर्शन कंट्रोल पर ध्यान देता हूं। खाने-पीने को लेकर टफ रूल्स फॉलो नहीं करता हूं।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरे वर्कआउट रूटीन में वेट लिफ्टिंग, 5 किलोमीटर की रनिंग, बैडमिंटन और साइक्लिंग शामिल हैं। जब भी शूटिंग से जल्दी पैकअप होता है। मैं इन एक्टिविटीज को करना पसंद करता हूं।



**टाइम मैनेजमेंटः** मुझे वर्कआउट के लिए अलग से टाइम निकालने के लिए बहुत एफर्ट नहीं करना पड़ता है क्योंकि सच में मुझे अपना काम ( एक्टिंग प्रोफेशन) बहुत पसंद है और मेरी टीम भी शानदार है, इसलिए कभी वर्क प्रेशर जैसा लगता ही नहीं है। छुट्टियों में मैं जरूर एक दिन ट्रैवलिंग, पार्टी को देता हूं, इससे मैं तरोताजा और एनर्जेटिक महसूस करता हूं। सुबह-शाम जब टाइम मिलता है मैं वर्कआउट या मनपसंद फिजिकल एक्टिविटी कर लेता हूं।

**मेंटली हेल्दी रहने के लिएः** मेंटली हेल्दी और पीसफुल रहने के लिए मैं हर सुबह मेडिटेशन और प्रार्थना करता हूं। भगवान और अपने परिवार के करीब रहना, मुझे जमीन से जुड़ा रखता है। ईश्वर हमेशा सुनने के लिए मौजूद रहते हैं, भले ही मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त न कर पाऊं।

**फिटनेस आइडलः** मेरे फिटनेस आइडल एक्टर विद्युत जामवाल हैं। मैं उनके फिटनेस के प्रति विचारों की बहुत सराहना करता हूं, चाहे बर्फीले एरिया में ध्यान लगाना हो या फिल्मों में उनके शानदार स्टंट्स, वे हमेशा खुद को पिछले स्तर से ज्यादा बेहतर करने की चुनौती देते रहते हैं।

**रीडर्स को सजेशनः** मैं अपने फैंस और इस अखबार के रीडर्स को यही कहना चाहूंगा कि सिर्फ कैलोरी इनटेक और बर्न करने पर ही नहीं बल्कि माइक्रोन्यूट्रिएंट्स इनटेक पर भी ध्यान दें। इससे आप फिटनेस को आसानी से मेंटेन कर सकते हैं। साथ ही, खाना हमेशा छोटी प्लेट में लेकर खाना चाहिए। इससे अपनी प्लेट का खाना जब आप खा लेते हैं तो दिमाग को यह महसूस होता है कि पेट भर गया है। इससे आप ओवर ईटिंग से बचते हैं। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**



कांग्रेस बिहार प्रभारी कृष्ण अलावरु ने लगाई हरिभूमि की खबर पर मुहर

# वोटर अधिकार यात्रा : पटना में प्रस्तावित रैली की बजाय होगी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राहुल गांधी की अगुवाई में बिहार में चल रही इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' के अंतिम दिन एक सितंबर को पूर्व प्रस्तावित रैली रद्द हो गई है। पटना के गांधी मैदान में विपक्षी एकता और शक्ति प्रदर्शन के लिहाज से यात्रा के अंतिम दिन एक बड़ी रैली आयोजित करने की योजना थी। हरिभूमि ने कल अपने सुधि पाठकों तक ये खबर पहुंचाई थी कि कांग्रेस और राजद के बीच चल रही रस्साकसी के बीच पटना रैली रद्द कर दी गई। हरिभूमि की उस पर बिहार प्रभारी कृष्ण अलावुरु ने मुहर लगा दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गांधी मैदान में यात्रा के अंतिम दिन रैली होनी थी लेकिन इंडिया गठबंधन के सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं का मानना है की संघर्ष के लिए सड़क चुना गया है तो सड़क पर अंतिम दिन /"पद यात्रा" से वोटर अधिकार यात्रा का समापन हो। यही वजह है कि एक वृहत रैली के बजाए अब पद यात्रा का डिजाइन तैयार किया जा रहा है। कृष्ण अलावरु जे बताया विपक्षी गठबंधन के सभी दलों के नेता एक सितंबर को पटना के गांधी मैदान से शुरू होने वाली /"पैदल मार्च" में शामिल होंगे। पैदल यात्रा में चूँकि लाखों लोगों के जुड़ने की संभावना है इसलिए गांधी मैदान के पास स्थित अंबेडकर मूर्ति तक पहुँच कर यात्रा का



औपचारिक समापन किया जाएगा। यात्रा समापन पर गठबंधन के कुछ नेताओं का संक्षिप्त भाषण आयोजित करने की भी योजना है। अब उस भाषण में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भाग लेंगे या नहीं, ये देखना होगा। दो राय नहीं। जहाँ तक औपचारिक रूप से घोषण का सवाल है वो सभी दलों की बैठक के बाद ही संभव हो सकेगा, ये बात तेजस्वी भी समझते हैं। उन्होंने इस मसले पर गठबंधन में किसी तरह की खींचातानी से इनकार किया।

## सीएम फेस को लेकर तेजस्वी नाराज

चर्चा है कि तेजस्वी को विपक्षी गठबंधन दल का नेता और मुख्यमंत्री चेहरा घोषित नहीं किए जाने से नाराज हैं। सूत्रों ने मंगलवार को हरिभूमि को बताया था की तेजस्वी ने नाराजगी की वजह से पूर्व प्रस्तावित रैली में राजद के शिरकत से मना कर दिया था। जिसके कारण रैली रद्ध कर अब पैदल मार्च की तैयारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी दलों के नेता तेजस्वी को समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि उनके ख़िलाफ़ हाल ही में /"लैंड फॉर जॉब" मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल किया है इसलिए उन्हें ऐसा कोई /"गैप टाइम" एजेंसियों को नहीं देना चाहिए कि रफ़्तार में सुनवाई कर चुनाव से पहले दोषी करार दिए जाने की कोशिशें शुरू हो जाए। ऐसा हुआ तो नुकसान राजद समेत सारे विपक्षी दलों का होगा। वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने ऐसे सवालों के जवाब में कहा, तेजस्वी यादव महागठबंधन के नेता हैं। इसमें कोई दी राय नहीं। वो मुख्यमंत्री का चेहरा हैं इसमें भी कोई

## पत्रकारों की हत्या चौंकाने वाली : भारत की प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गाजा के नासेर अस्पताल पर हुए इजरायल के हमले में मारे गए 5 पत्रकारों समेत कुल 21 लोगों की दर्दनाक मौत ने पूरी दुनिया को झकझोरकर रख दिया है। मामला बेहद संवेदनशील है। जिसे देखते हुए बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह हमला हैरान करने वाला और बेहद अफसोसजनक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि संघर्ष में आम नागरिकों की मौत की भारत हमेशा से ही निंदा करता रहा है। इजरायली अधिकारियों ने इस हमले की जांच शुरू कर दी है।

**इजरायल ने खेद प्रकट किया** : इस हमले में मारे गए पत्रकारों में अलजजीरा और रायटर्स के अलावा एक स्वतंत्र पत्रकार भी शामिल है। अलजजीरा के मोहम्मद सलामा, रायटर्स के कैमरामैन हुसैन अल मसरी और उस वक्त एपी के लिए काम कर रही एक स्वतंत्र पत्रकार मरियम अबू दक्का की जान चली गई है। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय एक्स पर कुछ पोस्ट में इस हमले को अपनी दुखद भूल करार देते हुए पत्रकारों, चिकित्सा कर्मियों और आम नागरिकों के काम को महत्वपूर्ण बताया है।

सरसंघचालक बोले, संघ का स्वयंसेवक कोई व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं रखता

# 'भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार स्वेच्छा से होना चाहिए, किसी दबाव में नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि संघ का कार्य शुद्ध सात्त्विक प्रेम और समाजनिष्ठा पर आधारित है। "संघ का स्वयंसेवक कोई व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा नहीं रखता। यहाँ इंसेंटिव नहीं हैं, बल्कि डिसइंसेंटिव अधिक हैं। स्वयंसेवक समाज-कार्य में आनंद का अनुभव करते हुए कार्य करते हैं।" उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी को प्राथमिकता दें तथा भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल स्वेच्छा से होना चाहिए, किसी दबाव में नहीं।सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला '100 वर्ष की संघ यात्रा - नए क्षितिज' के दूसरे दिन बुधवार को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, उत्तर क्षेत्र के प्रांत संघचालक पवन जिंदल और दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे। सरसंघचालक ने चिंता जताई कि दुनिया कट्टरता, कलह और अशांति की ओर जा रही है। पिछले साढ़े तीन सौ वर्षों में उपभोगवादी और जड़वादी दृष्टि के कारण मानव जीवन की भद्रता क्षीण हुई है। उन्होंने गांधी जी के बताए सात सामाजिक पापों, "काम बिना परिश्रम, आनंद बिना विवेक, ज्ञान बिना चरित्र, व्यापार बिना नैतिकता, विज्ञान बिना मानवता, धर्म बिना बलिदान और राजनीति बिना सिद्धांत" का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे समाज में असंतुलन गहराता गया है।



### समाज में लानी होगी सद्भावना

भागवत ने कहा कि संघ मानता है कि हमें समाज में सद्भावना लानी होगी और समाज के ओपिनियन मेकर्स से निरंतर मिलना होगा। इनके माध्यम से एक सोच विकसित करनी होगी। वे अपने समाज के लिए काम करें, उसमें हिन्दू समाज को अंग होने का अनुभव पैदा हो और वे भौगोलिक परिस्थितियों से जुड़ी चुनौतियों का स्वयं समाधान ढूँढे। दुर्बल वर्गों के लिए काम करें। संघ ऐसा करके समाज के स्वभाव में परिवर्तन लाना चाहता है। आर्थिक दृष्टि पर उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयोग हुए हैं, लेकिन हमें एक ऐसा विकास मॉडल प्रस्तुत करना होगा, जिसमें आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और पर्यावरण का संतुलन हो।

### दुनिया में समन्वय का अभाव

भागवत ने कहा कि आज दुनिया में समन्वय का अभाव है और दुनिया को अपना नजरिया बदलना होगा। दुनिया को धर्म का मार्ग अपनाना होगा। "पूजा-पाठ और कर्मकांड से परे धर्म है। सभी प्रकार के रिलिजन से ऊपर धर्म है। धर्म हमें संतुलन सिखाता है - हमें भी जीना है, समाज को भी जीना है और प्रकृति को भी जीना है।" धर्म ही मध्यम मार्ग है जो अतिवाद से बचाता है। धर्म का अर्थ है मर्यादा और संतुलन के साथ जीना। इसी दृष्टिकोण से ही विश्व शांति स्थापित हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज समाज में संघ की साख पर विश्वास है। "संघ जो कहता है, उसे समाज सुनता है।" यह विश्वास सेवा और समाजनिष्ठा से अर्जित हुआ है। भविष्य की दिशा पर सरसंघचालक ने कहा कि संघ का उद्देश्य है कि सभी स्थानों, वर्गों और स्तरों पर संघ कार्य पहुँचे।

# ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया

'ऑपरेशन महादेव' में शामिल जवानों को गृहमंत्री ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन महादेव में शामिल जवानों को सम्मानित किया। संयुक्त ऑपरेशन महादेव में भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। इस दौरान शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकी सरगनाओं को भारतीय नागरिकों की जान से खेलने के दुष्परिणामों का स्पष्ट संदेश दिया। हमारे सैनिकों ने दुनिया को दिखा दिया कि आतंकवादी चाहे कोई भी रणनीति अपनाएं, वे अब भारत को नुकसान पहुंचाकर बच नहीं सकते। ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में संतुष्टि



आई, जिसे ऑपरेशन महादेव ने आत्मविश्वास में बदल दिया।

शाह ने यह बात भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित करते हुए कही, जिन्होंने ऑपरेशन महादेव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी।

### जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उन जवानों से मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया, जिन्होंने 'ऑपरेशन महादेव' के तहत 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया और पाकिस्तानी समर्थित तीनों आतंकवादियों को ढेर किया था। गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाकर्मियों की बहादुरी और पीड़ित परिवारों के दर्द और पीड़ा को कम करने के लिए उनकी सराहना की। गृह मंत्री ने सशस्त्र बलों, सीआरपीएफ कमांडो और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों को सम्मानित किया। गृह मंत्री ने सभी सुरक्षाकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के सम्मान में उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किए।

# अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी 2 बच्चों की मौत, 17 घायल



एजेंसी ▶▶| मिनेसोटा

अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में बुधवार को एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि पुलिस ने हमलावर को मार गिराया था। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। हमलावर के पास तीन हथियार थे - एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्टल। दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है। मिनेसोटा के जिस कैथोलिक स्कूल में गोलीबारी की गई, वहां प्री-स्कूल से लेकर 8वीं कक्षा तक के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए आज के कैलेंडर के मुताबिक, स्टूडेंट्स लोकल समय के मुताबिक सुबह 8:15 बजे सामूहिक प्रार्थना में शामिल होने पहुंचे थे। मिनेसोटा की सीनेटर टीना स्मिथ ने X पर लिखा- मैं और मेरी टीम इस घटना पर नजर रख रहे हैं। पुलिस ने तेजी से काम किया, इसके लिए मैं आभारी हूं। स्कूल का पहला हफ्ता है, बच्चों को डर में नहीं जीना चाहिए।

700 से अधिक सशस्त्र बल भाग लेंगे

# ब्राइट स्टार अभ्यास का आज से आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और सीमाई चुनौती के बीच आज गुरुवार से सशस्त्र बलों के 'ब्राइट स्टार-2025' अभ्यास की शुरुआत होगी। जो एक बहुपक्षीय अभ्यास है। जिसमें सशस्त्र बलों और मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के 700 से अधिक सैन्यकर्मियों की भागीदारी देखने को मिलेगी। यह अभ्यास 28 अगस्त से लेकर 10 सितंबर तक चलेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस अभ्यास में सैन्य गतिविधियों की एक व्यापक श्रृंखला देखने को मिलेगी। जिसमें तीनों सशस्त्र (सेना, वायुसेना और नौसेना) सेनाएं लाइव फायरिंग के जरिए अपनी परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी, संयुक्त योजना, निर्णय लेने व परिचालन संबंधी समन्वय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कमांड पोस्ट अभ्यास किया जाएगा। इसके अलावा तीनों सेनाओं द्वारा आधुनिक युद्ध के तमाम पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए छोटा प्रशिक्षण अभ्यास और समकालीन सैन्य अभियानों के विभिन्न क्षेत्रों पर विषयवस्तु विशेषज्ञों के साथ बातचीत इसका हिस्सा होगी।




### 1980 में हुई थी शुरुआत

मंत्रालय ने बताया कि ब्राइट स्टार अभ्यास वर्ष 1980 में मिस्र ने अमेरिका के साथ मिलकर शुरू किया था। यह एक बहुपक्षीय अभ्यास है। जिसे क्षेत्र के सबसे बड़े त्रि-सेवा बहुपक्षीय अभ्यासों में से एक माना जाता है। इसका आयोजन प्रत्येक दो वर्ष में किया जाता है। पिछली बार यह वर्ष 2023 में आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के साथ ही कई देशों के सैनिकों ने एक साथ भाग लिया था।

### भारत की भागीदारी का महत्व

अभ्यास में भारतीय सशस्त्र बलों की भागीदारी क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही यह मित्र देशों के साथ संयुक्तता, अंतर-संचालन और सहयोग को भी बढ़ाती है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर 9201835614, 7828901615.(RO-233)

प्रचार कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में, इलेक्ट्रानिक सामान की प्रचार कार्य करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन-10,000 से 20,000 महीना योग्यतानुसार संपर्क करें:-8962274079. पता-आमापारा चौक, रायपुर (RO-6785)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में टाटा ऐस चलाने हेतु ड्राइवर एवं काम करने हेतु अनुभवी/बिना अनुभवी लड़को की संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास 98271-14645, 91311-39179.(RO-236)

ऑपरेटर/इंचार्ज

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल में निम्न पदों की आवश्यकता (1)बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर (2) सीनियर गोडाउन इंचार्ज। औषधि वाटिका, मेडिकल कॉम्प्लेक्स डूमरतराई 9770099119, 9165929000.(RO-718)

आवश्यकता

आवश्यकता है- सफ़ाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था, बिजली, पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका! 18–25 वर्ष के लड़के, 11,000/– मासिक +प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM देवपुरी, रायपुर 8448107841, 9302708426. (RO-216)

ऑफिस/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार मिले:- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-235)

मैनेजर/मार्केटिंग

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट होलसेल स्टोर में काम करने के लिए 1. मैनेजर 2. Cashier 3. HR Manager (एच आर. मैनेजर) 4. सेल्स मैन, (मार्केटिंग) 5. सेल्स मैन (काउंटर) 6. हेल्पर स्टाफ (मेल/ फीमेल) 7. सेल्स गर्ल केवल अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें मोबाइल - 9981105000, 7000629478.(RO-6783)

पार्सल कार्य

आवश्यकता है- श्रीमारूति कोरियर ऑफिस में लड़कियों एवं डाक-पार्सल बांटने बाइकर लडके चाहिए। श्रीमारूति कोरियर, रिंगरोड-1, कालीमाता मंदिर के आगे, कुशालपुर, रायपुर, बायोडाटा भेजे 9399676408.(RO-232)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ड्रायवर/लेबर

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में ड्राइवर+लेबर कार्य हेतु एक लड़के की आवश्यकता है। वेतन 11000/- रुपए कार्य समय सुबह 9:00 से 8:30 बजे तक पता- सुहागा मंदिर ब्राह्मण पारा रायपुर संपर्क करें- मो. नं. 9826182338 (RO-6813)

हेल्पर

Requirment- रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की आवश्यकता है। कृपया जिनको एक्सपीरियंस हो, वही संपर्क करें - लोकेशन सादर बाज़ार 8889599640, 7020869008. (RO-398)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु तेलुगु/ कन्नड/ तमिल बोलने वाली टेली कॉलर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, पता- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर 9201835614, 7828901615.(RO-234)

आवश्यकता

आवश्यकता है- नंदनी (भिलाई) स्टील फेब्रिकेशन प्लांट हेतु, 5-फैब्रिकेटर, 5-प्रोडक्शन, 5-क्वालिटी, इंजीनियर, 4-सुपरवाइजर, ऑफिसस्टाफ, 2-इलेक्ट्रीशियन, 5-ठेकेदार, कैंटीन कुक/ ठेकेदार (खाने रहने की सुविधा है) संपर्क करें -91315-34571, 97111-15583 (आरो न.-7196)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

फीमेल पार्लर स्टॉफ

आवश्यकता है- फीमेल स्टाफ चाहिए ट्रेनी पार्लर में काम करने के लिए जिसको पूरा पार्लर में काम करने की पूरी जानकारी हो फ्रेशर/ अनुभवी दोनो चलेंगें पता- अमलीडीह महावीर नगर रायपुर में संपर्क करें - 9301151523 (RO-6786)

आफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस काम के लिए लडको की जरूरत है आयु 20 से 27 के होने चाहिए वेतन 10000 से 12000 सीधी भर्ती बिना किसी फीश के केवल छत्तीसगढ़ वालो के लिए सम्पर्क 8171500513, 6387630593.(RO-366)

अन्य

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8873762120 (RO-589)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9654778825.(RO-1123)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Reliance jio 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000 )/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9239736582.(RO-1124)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719 (RO-1125)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457. (RO-1113)

Finance फायनेंस

फाइनेंस- जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्क:- 9289384524. (RO-232)

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - प्लॉट बेचना है, कुल क्षेत्रफल 6620 SF, फ्रंटः 68 फीट ग्राम टेमरी, मानाकैंप के पास VIP रोड़ रायपुर संपर्क करे 6266858527, 7697600942, 6264715476.(RO-6784)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL-

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /-1 Sunday | 800 /-1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /-2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/-3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com




आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी दावे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## जैकेट के शेष

### सड़कें डूबी, पुल ....

बोदागुड़ा, दुब्बाटोटा, इंजरम में मार्ग पर शबरी नदी का पानी उफान पर होने से सड़क पर दो से तीन फीट ऊपर पानी बह रहा है। इधर दंतेवाड़ा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 बागमुंडी पनेड़ा मार्ग बाढ़ के पानी से एक हिस्सा बह गया। जिसके चलते बुधवार को दूसरे दिन भी बड़ी गाड़ियों के पहिए जाम रहे।

**लापता बालिकाओं का नहीं लग पाया सुराग, बह गए थे नदी में :** इधर बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के नलगोंडा घाट पर दो बच्चियां मनीषा उजी और शर्मिला उजी उफनती इन्द्रावती नदी को नाव से पार करते बह गई थीं। बुधवार को तीसरे दिन 72 घंटे बाद भी दोनों बच्चियां लापता हैं। बहते जलस्तर के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन भी प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि सोमवार दोपहर नाव पलटने से 11 लोग बह गए, जिनमें से 9 लोग तैर कर बाहर आ गए थे। वहीं दो बच्चियां अभी भी लापता हैं। भैरमगढ़ ब्लॉक के नलगोंडा घाट पर दोनों बच्चियां इंद्रावती नदी पार बसे बेलनार पंचायत की रहने वाली है, जो कि अपने परिजनों के साथ नलगोंडा आई हुई थीं। एसडीएम विकास सर्वे ने बताया कि लापता मनीषा उजी और शर्मिला उजी का अब तक पता नहीं लग सका है, जलस्तर बढ़ा होने से रेस्क्यू ऑपरेशन भी प्रभावित हो रहा है, लेकिन लगातार हमारी टीम प्रयास कर रहे है।

**बुजुर्ग बाढ़ में बहा, 48 घर क्षतिग्रस्त, कई गांवों का संपर्क टूटा :** इधर बीजापुर में सोमवार को हुई भारी बारिश ने बीजापुर जिले में तबाही मचा दी। कहीं घर ढह गए तो कहीं सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। कई गांव जलमग्न हो गए और एक बुजुर्ग बाढ़ के पानी में बह गया, जिसकी तलाश अब भी जारी है। चेरपाल रपटे पर सोमवार को पानी रपटे से ऊपर बह रहा था। इसी दौरान समलू कश्यप नामक बुजुर्ग रपटे को पार करने की कोशिश में तेज बहाव में बह गया। भारी बारिश के कारण तुमनार के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर एक पेड़ गिर गया। इससे आवागमन कुछ घंटों तक बाधित रहा। भैरमगढ़ तहसील के एसडीएम विकास सर्वे ने बताया कि बारिश से बांगापाल पंचायत में 30 घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं सुरेखी गांव में 18 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। डिप्टी कलेक्टर आदित्य कुंजाम ने बताया कि सभी प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और उनके भोजन व ठहरने की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की गई है।

**तेलंगाना से कटा संपर्क :** डिप्टी कलेक्टर आदित्य कुंजाम ने आगे बताया कि भोपालपटनम तहसील में भी बारिश से हालात बिगड़े हैं। तारलागुड़ा के पास रामपुरम इलाके में बाढ़ का पानी आने से बीजापुर का संपर्क तेलंगाना से पूरी तरह कट गया है। मंगलवार को राहत लगातार दो दिनों से परेशान लोगों ने मंगलवार को राहत की सांस ली, क्योंकि जिले में बारिश नहीं हुई।

### 94 साल का ....

190.6 मिमी, बीजापुर में 165.4 मिमी पानी बरसा। इन इलाकों में अभी भी बारिश का दौर जारी है।

### रायपुर से तिरुपति ....

की जांच पड़ताल कर रही है। बताया जाता है कि तमिलनाडु का रहने वाला परिवार रायपुर से तिरुपति दर्शन के लिए जा रहा था। कार सवार मालिक 43 वर्षीय राजेश रायपुर में रहकर ठेकेदारी करता था। मंगलवार को राजेश कार में अपनी पत्नी पवित्रा (40), सौजन्या (07), सौम्या (04) को लेकर रायपुर से तिरुपति दर्शन के लिए जा रहे थे कि अचानक जैसे ही वाहन कांगेर घाटी के पास पहुंचा कि तेज बारिश होने से बाढ़ की बहाव में बह गया। इसके बाद चारों को बचाने के लिए दरभा पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। बरसात का पानी (बाढ़) अधिक होने के कारण पति-पत्नी सहित दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार चार लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पीएम के लिए डिमरापाल मेकाज भेजा गया है।

### ड्राइवर ने तैरकर ....

शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। बताया जाता है कि हादसे के वक्त कार का ड्राइवर किसी तरह से तैरकर पेड़ के सहारे अपनी जान बचाई। मृतक चारों लोग तमिलनाडु के रहने वाले थे।

### अगले 5 दिन कई राज्यों ....

भारी वर्षा हो सकती है, जबकि दक्षिण ओडिशा और उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश का अनुमान है। मध्य और पूर्वी भारत में 29 अगस्त तक दक्षिण ओडिशा में अत्यधिक भारी वर्षा की आशंका है। छत्तीसगढ़, विदर्भ, झारखंड, मध्य प्रदेश और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में अगले 5-7 दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है। खासकर 28 से 30 अगस्त के बीच मध्य प्रदेश और झारखंड में भारी वर्षा की चेतावनी है। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बारिश को और तीव्र कर सकता है, जिससे बाढ़ और जलभराव का खतरा बढ़ेगा।

### वैष्णो देवी मार्ग हादसे ....

कई श्रद्धालु दबे हो सकते हैं। फिलहाल वैष्णव देवी यात्रा को भी रोक दिया गया है। बारिश की वजह से जम्मू-कश्मीर में कई नदियां उफान पर हैं। रेल प्रशासन ने बुधवार को भी उधमपुर, कटरा और जम्मू को जाने वाली 22 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। जम्मू के सभी स्कूलों में भी छुट्टियां घोषित कर दी गई है। सांबा जिले के 30 निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। इससे पहले मंगलवार को रेलवे प्रशासन ने 17 ट्रेनों को रद्द कर दिया था। इन ट्रेनों में ज्यादातर पठानकोट और अमृतसर के बीच चलने वाली थीं।

### सीएम साय ने बचाव की ....

निगरानी करने के आदेश दिए।

**बाढ़ से बस्तर का बुरा हाल :** लगातार हो रही बारिश से प्रदेश के चार जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार 26 और 27 अगस्त को सबसे अधिक वर्षा दंतेवाड़ा जिले में दर्ज की गई, जहां क्रमशः 93.7 मिमी और 118.4 मिमी बारिश हुई। सुकमा में 35 से 109.3 मिमी, बीजापुर में 34.9 से 50.2 मिमी तथा बस्तर में 67.3 से 121.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई जिससे 25 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

**4 जिलों में 43 राहत शिविर - रीना :** राजस्व सचिव एवं आपदा राहत आयुक्त रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि प्रभावित लोगों के लिए 4 जिलों में कुल 43 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें दंतेवाड़ा जिले से 1,116, सुकमा से 790, बीजापुर से 120 और बस्तर से 170, इस प्रकार कुल 2,196 प्रभावितों को राहत शिविर में ठहराया गया है। बाढ़ से अब तक 5 जनहानि, 17 पशुधन हानि, 165 मकानों को आंशिक और 86 मकानों को पूर्ण क्षति की सूचना मिली है। सभी जिलों में नगर सेना एवं एस.डी.आर.आफ के द्वारा राहत बचाव कार्य किया जा रहा है एवं राहत शिविर में ठहराये गये लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग जिलों से बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सतत संपर्क बनाये हुए है एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला सुकमा में आपदा मित्रों के द्वारा बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है।

**जनहानि, नुकसान पर साय की संवेदना :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनहानि और नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी और पुनर्वास कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन और राहत दल लगातार सक्रिय रहें, हर जरूरतमंद तक तुरंत मदद पहुंचे और राहत सामग्री समय पर मिले।

**नागरिक करें निर्देशों का पालन :** मुख्यमंत्री श्री साय ने आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आवश्यकता की स्थिति में तुरंत स्थानीय नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास जताया कि प्रशासन और जनता के सामूहिक सहयोग से हम इस आपदा पर शीघ्र काबू पाएंगे और प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य जीवन जल्द बहाल होगा।

### लाल झंडा देख ....

डिवीजन की आधिकारिक प्रवक्ता प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा कि दो कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन पर ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने के मामले में एक्शन लिया गया है और अगली जांच तक निलंबित कर दिया गया है।

### गढ़चिरौली में ढेर ....

उक्त वन क्षेत्र में नक्सलियों के तलाश में भेजी गई। पिछले दो दिनों से बस्तर जिले और भामरागढ़ क्षेत्र में हो रही बारिश का सामना करते हुए ऑपरेशन टीम सुबह वन क्षेत्र में पहुंची और जब वे तलाशी अभियान चला रहे थे, तो माओवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बल के जवानों ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में एक पुरुष, तीन सशस्त्र महिला नक्सली ढेर किए गए हैं। घटनास्थल से माओवादियों के शव सहित हथियार नक्सली सामग्री बरामद किया गया है।

### खुदाई से रामगढ़ ....

▸▸ कैसे पहुंचे भाजपा में, आपकी एंट्री कैसे हुई?

▸▸ हम लोग यहां सीधे रमन सिंह के यहां पहुंचे। पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा के साथ आए थे। सीधे यहां आकर ज्वाइन किया। रमन सिंह ने मुझे गले लगा लिया। कांग्रेस छोड़ने के बाद बहुत लोगों ने मुझे कहा कि सिंहदेव के दरवाजे आपके लिए खुले हैं। वहां से पूर्व में भी हमने भाजपा से टिकट की मांग की थी। उस समय नए-नए थे। नाम चलाते रहते थे। 2018 के चुनाव एंटी इंकमबेंशी था, भाजपा को सत्ता में 15 साल भी हो गए थे। सरगुजा में सिंहदेव को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में देखा जा रहा था। उधर जांजगीर-चांपा से डॉ. महंत का भी नाम चल रहा था। वहीं भूपेश का नाम भी चल रहा था। सिंहदेव भी चाह रहे थे कि वे मुख्यमंत्री बन जाए। भूपेश के शपथ के बाद सब सामान्य था। उनकी उपस्थिति क्षेत्र में कम हो गई थी। चुनाव से पहले तक भूपेश बघेल से कभी मुलाकात नहीं हुई। चुनाव जीतने के बाद उनसे विधानसभा में मुलाकात होती रही है।

▸▸ आपके मंत्री बनने के बाद सिंहदेव काफी सक्रिय हो गए हैं। रामगढ़ की पहाड़ी को लेकर अडानी समूह के खिलाफ उभारा जा रहा है। अडानी कोटे से राजेश अग्रवाल कितनी सच्चाई है?

▸▸ ▸▸ अडानी समूह से मेरा एक भी प्रतिशत संबंध नहीं है। निश्चित तौर पर रामगढ़ की पहाड़ी ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है। मैं 50 सालों से हर नवरात्र में वहां जाता हूं। पिछले 37 सालों से वहां पर अष्टमी और नवमी को वहां भंडारा करता हूं। दो दिन कहीं आता जाता नहीं हूं। इतना मेरा श्रद्धा का स्थान है। आज मेरी जिम्मेदारी है। उस स्थान को बचाने की। वहां पर चल रही किसी भी गतिविधि से उस स्थान को नुकसान पहुंचता है तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन जो माइंस की मंजूरी हुई है। उस समय केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार थी। टीएस सिंहदेव वहां के विधायक थे। रामगढ़ पर्वत के नजदीक खुदाई प्रारंभ हुई है। अब वो आगे बढ़ रहा है। इस बार बारिश अधिक हुई है। विभाग अब मेरे पास है, रामगढ़ पर्वत को किसी भी तरह से नुकसान नहीं होने देंगे। हम इसकी पूरी जांच कराएंगे।

▸▸ विभाग के बंटवारे में सीएम ने आपको निपटाया या बनाया?

▸▸ ▸▸ पर्यटन विभाग मुझे मिला है। सरगुजा क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री भी पर्यटन को आगे बढ़ाने में लगे हैं। पर्यटन विभाग का मिलना मेरे लिए एक अवसर है। इसके माध्यम से लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ाने का मौका मिलेगा। इस क्षेत्र में काम का अवसर मिला है।

▸▸ मंत्री बनने के बाद आज भी स्कूटी से जाते है, ऐसा क्यों?

▸▸ ▸▸ हमारा क्षेत्र लखनपुर भले ही नगर पंचायत है, लेकिन आज भी गांव है। वहां मंदिर मैं आज भी स्कूटी से ही जाता हूं। यहां पर भी शपथ के समय काली मंदिर अपनी ही गाड़ी से गया था। अपने पीएसओ को मैंने मना किया था कि वो मेरे साथ मंदिर न जाएं। यह मेरे स्वभाव में हैं। अपने क्षेत्र में मुझे स्कूटी से घूमना पसंद है।

▸▸ क्या कुछ बदला, अब तक कार्यभार क्यों नहीं लिया। आगे की योजना क्या है।

▸▸ ▸▸ अभी छुट्टियों का माहौल है, मुख्यमंत्री भी विदेश यात्रा पर हैं। उनके आने के बाद कार्यभार ग्रहण करूंगा। आगे विभाग के जरिए काम करने की योजना है। अभी तक कुछ नहीं बदला, लोगों की उम्मीद बढ़ी है। आगे जो दायित्व मिला है, उसे पूरा करना है। अंबिकापुर में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा रहा। अब यहां पर मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुआ, लेकिन पांच साल कोई काम नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने 109 करोड़ रुपए इसके लिए स्वीकृत कर दिया है। एक-दो साल में यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहां पर अब काम पूरी तरह से होंगे। यहां पर पिछले पांच सालों में काम नहीं हुआ इसके कारण क्षेत्र विकास से दूर रहा।

▸▸ आपके मंत्री बनने से आपका परिवार कैसा महसूस कर रहा है।

▸▸ ▸▸ मेरा परिवार पूरी तरह से प्रसन्न है। हमारे परिवार के लिए यह गर्व की बात है कि इस मुकाम में पहुंचे हैं। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद मेरी मां ने कहा कि मेरा बेटा बचपन से सेवा कर रहा है अब पूरे प्रदेश की सेवा करेगा।

### दलधोवा घाट पर ....

की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा लगभग 20 फीट गहराई में घायल ट्रैक्टर चालक को निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही मौके पर मौजूद गांजा को जब्त किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि एनएच 343 पर दलधोवा मोड़ पर काफी अन्धेरा था और चालक तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर को मोड़ नहीं पाया और वाहन सीधे नीचे खाई में गिर गया।

### ओडिशा से हो ....

गया था। गांजा की ज्यादातर खेप ओडिशा से सप्लाई की जाती है। तस्कर ओड़िसा से जशपुर होते हुए आवागमन करते है। इस कारोबार में कई अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना है लेकिन फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बड़बोले ट्रंप का सनसनीखेज दावा
# दी थी पीएम मोदी को टैरिफ धमकी

# 'हम आप पर इतने ज्यादा टैरिफ लगा देंगे कि आपका सिर घूम जाएगा'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

■ यह भी कहा- 24 घंटे का दिया था अल्टीमेटम, भारत ने 5 घंटे में ही कर डाला सीजफायर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान शांति कायम करने में मदद की थी। उन्होंने कहा कि उनके हस्तक्षेप से दोनों देश युद्ध के कगार से पीछे हटने को मजबूर हुए। कैबिनेट की एक बैठक में बोलते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने याद दिलाया कि कैसे उन्होंने यूक्रेन-रूस संघर्ष की शुरुआत में विश्वयुद्ध को टाल दिया था। उन्होंने कहा कि वे युद्ध के लिए तैयार थे और फिर मई में भारत-पाकिस्तान के चरम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत के बारे में बताया।

### यह है ट्रंप का दावा

अपने रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ बैठे हुए ट्रंप ने कहा, मैं एक बहुत ही शानदार इंसान नरेंद्र मोदी से बात कर रहा हूं। मैंने पूछा, 'आपके और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है?' नफरत बहुत ज्यादा थी। यह बहुत लंबे समय से चल रहा है, कभी-कभी तो सैकड़ों सालों से अलग-अलग नामों से। मैंने




कहा, मैं आपके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करना चाहता...आप लोग परमाणु युद्ध में उलझ जाएंगे।..मैंने कहा, कल मुझे फिर फोन करना। लेकिन हम आपके साथ कोई समझौता नहीं करेंगे, वरना हम आप पर इतने ज्यादा टैरिफ लगा देंगे कि आपका सिर घूम जाएगा।


### मोदी से बात के 5 घंटे बाद ही समझौता

रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम मोदी के साथ उनकी बातचीत के पांच घंटे के भीतर ही यह समझौता हो गया। मैंने मोदी को कहा कि आप 24 घंटे में सीजफायर कर दें, वर्ना अमेरिका से ट्रेड डील खत्म कर देंगे। करीब पांच घंटे के भीतर ही यह समझौता हो गया।.. अब शायद यह फिर से शुरू हो जाए। मुझे नहीं पता। मुझे नहीं लगता, लेकिन अगर ऐसा हुआ तो मैं इसे रोक दूंगा। हम ऐसी चीजें नहीं होने दे सकते।

### भारत बोला- तीसरे का दखल नहीं

हालांकि ट्रंप ने बार-बार भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने में अपनी भूमिका का दावा किया है, लेकिन नई दिल्ली ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों को लगातार खारिज किया है। भारत का कहना है कि 10 मई का युद्धविराम पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) द्वारा अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क करके तनाव कम करने का अनुरोध करने के बाद घोषित किया गया था। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि यह समझौता द्विपक्षीय और बिना शर्त था और इसमें किसी तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप नहीं हुआ।

### इधर, लाइव डिस्कशन में अमेरिकी एक्सपर्ट ने ट्रंप को कहा अपशब्द



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 6 महीने के कार्यकाल पर चर्चा करते हुए एक पॉलिटिकल साइंटिस्ट ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल कर दिया। अमेरिकी राजनीतिक विज्ञानी कैरोल क्रिश्टिन फेयर पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश पत्रकार मोइद पीरजादा के साथ एक चर्चा में शिरकत कर रही थीं. इस दौरान उन्हें ट्रंप को चू***या कहकर संबोधित किया। कैरोल क्रिश्टिन फेयर एक अमेरिकी राजनीतिक वैज्ञानिक और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के वॉल्श स्कूल ऑफ फॉरेन सर्विस में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

**ऐसे हुआ सवाल-जवाब**

पीरजादा ने चर्चा में उनसे पूछा गया कि क्या वे यह समझती हैं कि अमेरिका भारत को चीन का काउंटरबैलेंस समझने के अपने नजरिये से आगे बढ़ चुका है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि 'मेरे अंदर का आशावाद यह विश्वास करना चाहेगा कि ब्यूरोक्रेसी इसे संभाल लेगी, लेकिन मेरे अंदर का निराशावाद कहता है कि अभी तो छह महीने ही हुए हैं और हमें इस चू***या के साथ चार साल पूरे करने हैं।' क्रिश्टिन फेयर का ये कमेंट सुनकर मोइद पीरजादा हंसने लगे। मोइद पीरजादा ने कहा कि मैं इस लफ्ज का उर्दू में बार बार बोलता हूं और मेरे कई दर्शक आपत्तियां जताते हैं, और आपने अंग्रेजी की एक परिचर्चा में इस शब्द का इस्तेमाल कर दिया। इस पर कैरोल क्रिश्टिन फेयर ने आगे कहा कि वो सचमुच चू***या हैं।

## गणपति का गेटअप...



**चिकमंगलुरु।** कर्नाटक के चिकमंगलुरु में बुधवार को 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान भगवान गणेश की वेशभूषा में एक युवक।

## पेज एक के शेष

### आपदा को अवसर में ...

दरअसल, भारत में बड़े पैमाने पर लोग टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े हैं, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां खतरे में है, क्योंकि टैरिफ की वजह से अमेरिका से कपड़ों की डिमांड घटने वाली है। अगर ऑर्डर में गिरावट आती है, तो फिर उसका प्रोडक्शन पर असर दिखेगा, जो सीधे तौर पर रोजगार को प्रभावित करेगा।

**एक देश पर निर्भर रहना खतरनाक :** विशेषज्ञों ने कहा कि हाल ही में दो बड़ी घटनाएं घटी हैं जिसने यह सिद्ध किया है कि किसी एक देश पर निर्भर रहना भारत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ट्रंप के टैरिफ के पहले चीन ने औद्योगिक चुम्बक को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। विश्व शक्ति बनने की आकांक्षा रखने वाला भारत ऐसी किसी ब्लैकमेलिंग को स्वीकार नहीं कर सकता। ऐसे में भारत को अमेरिका को साथ लेकर चलते हुए अन्य देशों से अपने आर्थिक संबंध मजबूत बनाने चाहिए।

**60 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान :** यह रणनीति ऐसे समय में आई है जब भारतीय निर्यातक भारी नुकसान की आशंका से जूझ रहे हैं। सरकार का मानना है कि 27 अगस्त से लागू हुए 50% अमेरिकी टैरिफ के कारण उनके व्यापार में 60 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है। यह वह सेक्टर है, जिसने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को 10.3 अरब डॉलर वैल्यू के सामान का एक्सपोर्ट किया था।

**अमेरिकी बाजार से बाहर हुआ भारत का टेक्सटाइल सेक्टर? :** ठाकुर ने आगे कहा कि अमेरिका का 25 फीसदी टैरिफ काफी था, लेकिन अब एक्स्ट्रा 25 फीसदी टैरिफ लागू होने के कारण भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री को अमेरिकी बाजार से पूरी तरह बाहर कर दिया है। गौरतलब है कि भारत का इस सेक्टर का साइज 2024-25 में अनुमानित 179 अरब डॉलर है, जो 37 अरब डॉलर के एक्सपोर्ट पर निर्भर है। कुल 800 अरब डॉलर से ज्यादा ग्लोबल टेक्सटाइल इम्पोर्ट मार्केट के बावजूद भारत की हिस्सेदारी सर्फि 4.1 फीसदी है, जो ग्लोबल स्तर पर छठे स्थान पर है।

**नए बाजार खोलने की आवश्यकता :** इस मामले में आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से भारत के ऊपर कुछ असर अवश्य पड़ेगा। सीमित अवधि में हमारे टेक्सटाइल और हैंडीक्राफ्ट्स सेक्टर पर असर पड़ सकता है। लेकिन यह असर सीमित अवधि का ही होगा और छः महीने में भारत इससे उबरने की स्थिति में आ जायेगा। फिलहाल टैरिफ से होने वाले इस नुकसान से बचने के लिए भारत को लैटिन अमेरिकी देशों, यूरोपीय और मिडिल ईस्ट के बाजारों पर ध्यान देना होगा।

### बच्चों के भोजन में फिनाइल...

(शिक्षक एलबी) पर गंभीर आरोप लगने और थाना छिन्दगढ़ में प्राथमिकी दर्ज होने के साथ ही पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

**सहायक अधीक्षक को हटाया गया, नई नियुक्ति :** विद्यालय के सहायक अधीक्षक भवन सिंह मंडावी (सहायक शिक्षक एलबी) को भी उनके दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह रतन सिंह पैकरा (शिक्षक एलबी, माध्यमिक शाला उदलतरई, विकासखंड छिन्दगढ़) को आगामी आदेश तक सहायक अधीक्षक का कार्यभार सौंपा गया है।

### अधीक्षक स्तर पर ...

छिन्दगढ़) को अधीक्षक का प्रभार सौंपा गया है। आदेशानुसार उनका वेतन मूल पदस्थापना संस्था से ही आहरित किया जाएगा।

### सियोल की एटीसीए ...

को आमंत्रित किया कि वे अपने आगामी भारत दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ अवश्य आएं और राज्य में उपलब्ध निवेश व सहयोग की संभावनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करें।

**आईसीसीके बनेगा नॉलेज पार्टनर :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने (आईसीसीके) को नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल करने की घोषणा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024–30 के तहत तकनीक, स्किलिंग और वैश्विक सहयोग को एक नई दिशा दी जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कोरिया की नवाचार क्षमता और छत्तीसगढ़ के संसाधनों के मिलन से विकास का एक नया युग लिखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रत्येक निवेशक को "सिंगल विंडो क्लियरेंस" से लेकर भूमि आवंटन, आवश्यक अनुमतियों और सहयोगी नीतियों तक हर स्तर पर सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दक्षिण कोरिया कंपनियों की भागीदारी से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक परिदृश्य में नए अवसरों का सृजन होगा और दक्षिण कोरिया-भारत औद्योगिक सहयोग को एक नई ऊंचाई मिलेगी।

### सियोल में छत्तीसगढ़ ...

तथा निवेश के नए अवसर प्रदान करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों से समृद्ध है, जो ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। राज्य में प्रचुर मात्रा में लिथियम उपलब्ध है, जो ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) क्रांति और नई पीढ़ी के उद्योगों को गति देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वैश्विक ऊर्जा संक्रमण का स्वाभाविक केंद्र बन सकता है।

### एटीसीए ने दिखाई ...

हो रहा है और यहां उद्योग-अनुकूल नीतियाँ, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, कुशल मानव संसाधन तथा मजबूत बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा और टेक्सटाइल जैसे उभरते क्षेत्रों में (एटीसीए) कंपनियां यहां आकर निवेश करें और साझेदारी के नए आयाम स्थापित करें। इससे प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा और स्थानीय उद्योगों को भी नई ताक़त मिलेगी।

### बीजापुर में 81 लाख के...

सरकार उपाध्यक्ष, 1 जनताना सरकार मेंबर, 5 मिलिशिया प्लाटून मेंबर व 2 डीएकेएमएस मेंबर शामिल है।आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

**वर्ष 2024 से अब तक 496 ने किया समर्पण, 190 मुठभेड़ में ढेर :** एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जिले में इस वर्ष 1 जनवरी से अब तक माओवादी घटना में शामिल 331 माओवादी गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा 307 ने आत्मसमर्पण किया तथा बीजापुर जिले में अलग-अलग मुठभेड़ में 132 माओवादी को ढेर किया गया। वहीं 1 जनवरी 2024 से अब तक माओवादी घटना में शामिल 834 माओवादी गिरफ्तार किए गए। जबकि 496 माओवादियो ने आत्मसमर्पण किया एवं जिले में अलग-अलग मुठभेड़ में कुल 190 माओवादी मारे गए है।

### समर्पित नक्सलियों ...

कल्लू पूनेम ऊर्फ रंजीत, कोसी कुंजाम, मोटी पूनेम ऊर्फ हड़मे, पाण्डे पूनेम, छोटू कुंजाम ऊर्फ बडडे, मंगली पोटाम, बोटी ओयाम ऊर्फ लालू, मंगली मोड़ियम, सोमड़ी अवलम, पाण्डे पूनेम, छोटू कुंजाम, सोमारी कलमू, सुकड़ी गावड़े ऊर्फ शामबती, विमला पूनेम, मंगडू अवलम ऊर्फ मांझी, महादेव ताती ऊर्फ मनकू ऊर्फ तुर्रे, छोटू कुंजाम, राजू मड़कम, बामन कोवासी ऊर्फ कोर्राम, बिच्चेम पूनेम ऊर्फ ठाकुर, राजू पूनेम, मनकू पूनेम, सुखराम ओयाम, सुखराम हेमला ऊर्फ भोड़ा, राजूराम हपका, बोमड़ा पोडियाम, मंगू कुंजाम ऊर्फ पातामंगू, सन्नू पूनेम तथा पील्लू वेटटी शामिल है।

### बस्तर तेजी से शांति और विकास ...

सरकार ने बस्तर के लोगों का विश्वास जीता है, उसी का परिणाम है कि लगातार माओवादी संगठन कमजोर हो रहे हैं और बड़ी संख्या में वे हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं। बस्तर अंचल में नक्सलवाद कमजोर हो रहा है और बस्तर तेजी से शांति और विकास की ओर बढ़ रहा है। हमारी डबल इंजन की सरकार मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5971



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली -5970 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5981

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5980 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा

# अमेरिकी शुल्क से झींगा, कपड़ा, रत्न आभूषण के निर्यात पर पड़ेगा गंभीर असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत के भारी शुल्क से झींगा, कपड़ा, चमड़ा और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों में निर्यात और रोजगार सृजन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। निर्यातकों ने कहा कि 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा भारत पर 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाने से उसके सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी।

बीते वित्त वर्ष भारत के 437.42 अरब डॉलर मूल्य के वस्तु निर्यात में अमेरिका का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा था। अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2024-25 में, वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इनमें 86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात था।

- सबसे बड़े निर्यात बाजार में भारतीय उत्पादों की आवाजाही बाधित होगी
- बीते वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 20 प्रतिशत था
- अमेरिका 2021-22 से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है

### शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह

चमड़ा क्षेत्र के एक निर्यातक ने कहा, ''50 प्रतिशत शुल्क एक आर्थिक प्रतिबंध की तरह है। इससे इकाइयां बंद होंगी और नौकरियां कम होंगी।'' कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि 10.3 अरब डॉलर के निर्यात के साथ कपड़ा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।

***शुल्क नुकसान को पाटना असंभव*** *: ठाकुर ने कहा, ''उद्योग अमेरिका द्वारा घोषित 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क को लेकर तैयार था। लेकिन, 25 प्रतिशत अतिरिक्त बोझ ने...भारतीय कपड़ा उद्योग को अमेरिकी बाजार से प्रभावी रूप से बाहर कर दिया है। इसका कारण बांग्लादेश, वियतनाम, श्रीलंका, कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में 30-31 प्रतिशत शुल्क के नुकसान के अंतर को पाटना असंभव है।''*

***अमेरिकी बाजार पर भारत की निर्भरता काफी ज्यादा*** *: रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा है कि अमेरिकी बाजार पर हमारी निर्भरता काफी ज्यादा है।*

### तुर्की, वियतनाम, थाईलैंड निर्यात में भारत से आगे

भंसाली ने कहा कि तुर्की, वियतनाम और थाइलैंड जैसे प्रतिस्पर्धी अब भी काफी आगे हैं, जिससे भारत के 50 प्रतिशत शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पाद अपेक्षाकृत कम प्रतिस्पर्धी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस असंतुलन को दूर नहीं किया गया, तो यह अमेरिका के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की दीर्घकालिक स्थिति को नुकसान पहुंचा सकता है।

### हीरे को तराशने और पॉलिश क्षेत्र होगा प्रभावित

हीरा क्षेत्र के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि हीरे को तराशना और पॉलिश क्षेत्र के एक बड़ा झटका है। यह क्षेत्र गुजरात के खासकर सूरत, नवसारी, भावनगर और जसदान में लाखों लोगों को नौकरियां दे रहा है। कोलकाता स्थित एक समुद्री खाद्य निर्यातक ने कहा कि अब अमेरिकी बाजार में भारत का झींगा 'बेहद' महंगा हो जाएगा।

### इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना

झींगा निर्यातक ने कहा, ''हमें पहले से ही इक्वाडोर से भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वहां केवल 15 प्रतिशत शुल्क है। भारतीय झींगे पर पहले से ही 2.49 प्रतिशत डंपिंग रोधी शुल्क और 5.77 प्रतिशत प्रतिपूर्ति शुल्क लगता है। इस 50 प्रतिशत के बाद, शुल्क काफी बढ़ जाएगा।''

## ट्रंप के टैरिफ वार से अदाणी-अंबानी को लगा झटका, रुतबा घटा और दौलत भी

**नई दिल्ली।** ट्रंप के टैरिफ लगाने से पहले ही मंगलवार को भारतीय अरबपतियों को बड़ा झटका लगा। अंबानी और अदाणी की दौलत भी घटी है और रुतबा भी। अदाणी दुनिया के अमीरों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए हैं और अंबानी 100 अरब डॉलर क्लब से। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत के शीर्ष अरबपतियों की कुल संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। विशेष रूप से, मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की नेटवर्थ में एक ही दिन में क्रमशः 2.04 अरब डॉलर और 1.80 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई, जिससे दोनों उद्योगपतियों की कुल संपत्ति में संयुक्त तौर पर 3.84 अरब डॉलर की कमी आई।

**अतिरिक्त शुल्क का बाजार पर पड़ा असर** : अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर मार्केट में चौतरफा बिकवाली हुई। सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 255.70 अंक टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ।

## क्लासिक ग्रुप के 'आजादी महोत्सव' ऑफर को मिल रहा शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** रियल एस्टेट क्षेत्र की अग्रणी कंपनी क्लासिक ग्रुप द्वारा शुरू किए गए 'आजादी महोत्सव' ऑफर को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इस विशेष ऑफर के तहत घर खरीददारों को कई आकर्षक छूट और उपहार दिए जा रहे हैं, जिससे खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस ऑफर के तहत, क्लासिक कैसेल (कचना, रिंग रोड नंबर-3) और सुमीत लैंडस्केप (विधानसभा रोड) में प्लॉट खरीदने वालों को रजिस्ट्री चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी चार्ज और क्लब हाउस चार्ज बिल्कुल नहीं देना पड़ेगा। यानी ग्राहकों को इन सभी आवश्यक सुविधाओं का खर्च क्लासिक ग्रुप स्वयं वहन कर रहा है। वहीं, क्लासिक टॉवर्स (अमलीडीह) में फ्लैट

- ऑफर के अंतिम 4 दिन शेष

बुक करने वाले ग्राहकों को हर कमरे में सैमसंग एसी और साथ में एक 265 लीटर का सैमसंग रेफ्रिजरेटर मुफ्त दिया जा रहा है। क्लासिक ग्रुप के इस अनोखे ऑफर को लेकर ग्राहकों में भारी उत्साह है और बड़ी संख्या में लोग इन प्रोजेक्ट्स पर विजिट कर रहे हैं।

क्लासिक ग्रुप की ओर से बताया गया कि यह ऑफर केवल 31 अगस्त तक ही वैध है। ऐसे में घर का सपना देखने वाले परिवारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे बिना अतिरिक्त खर्च के अपने सपनों का आशियाना हासिल कर सकें।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

# चांदी 2,000 रुपए उछलकर नए शिखर पर, सोना 500 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये उछलकर 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के लगाए गए भारी शुल्क के लागू होने के बाद सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने की वजह से चांदी के दाम चढ़े हैं।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले बाजार बंद के समय यह 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 400 रुपये बढ़कर 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

- ट्रंप शुल्क के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया
- चांदी उछलकर हुई 1,20,000 रुपए प्रति किलोग्राम
- सोना बढ़कर हुआ 1,01,270 रुपए प्रति दस ग्राम

मंगलवार को यह 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, ''राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त करने के बाद बढ़ी राजनीतिक अनिश्चितता के बीच सोने और चांदी में तेजी जारी है।

### डॉलर में गिरावट से सराफा संभला

ट्रंप के इस कदम के बाद डॉलर में भारी गिरावट आई, जिससे विदेशी बाजारों में सर्राफा कीमतों को भी फायदा हुआ। उन्होंने बताया कि बाद में, कुक के तर्क के बाद कि ट्रंप को बर्खास्त करने का कोई अधिकार नहीं था, डॉलर ने अपनी गिरावट की भरपाई कर ली और कीमती धातु पर दबाव बढ़ा।

## सेबी बड़े आईपीओ के लिए नियमों में ढील देगी

**कोलकाता।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि वह बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आसान बनाने और धोखाधड़ी के खिलाफ निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण सुधार कर रहा है। कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि नियामक ने एक परामर्श पत्र जारी किया है। जिसमें अत्यधिक बड़ी कंपनियों के लिए 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता को हासिल करने की समयसीमा बढ़ाकर 10 वर्ष करने का प्रस्ताव है। इस समय कंपनियों को सूचीबद्ध होने के पांच वर्षों के भीतर इस आवश्यकता को पूरा करना होता है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989,9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पता: सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

# वस्त्र, रत्न एवं चमड़ा क्षेत्र के शेयरों पर रह सकता है दबाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विश्लेषकों का कहना है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका में 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाए जाने से वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों पर दबाव बढ़ने से बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों में इन क्षेत्रों के निवेशकों में थोड़ी घबराहट देखने को मिल सकती है।


- घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों के बीच रह सकती है घबराहट

### दवा, ऊर्जा उत्पाद पर यह शुल्क लागू नहीं

विश्लेषकों का मानना है कि वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, झींगा, चमड़ा एवं जूते, पशु उत्पाद, रसायन, विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी जैसे क्षेत्रों को इस शुल्क वृद्धि का सबसे अधिक नुकसान हो सकता है। हालांकि, दवा, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर यह शुल्क लागू नहीं है। बढ़ा हुआ शुल्क बुधवार से लागू हो गया है लेकिन घरेलू शेयर बाजारों के गणेश चतुर्थी की वजह से बंद होने से इसका असर देखने को नहीं मिला है।

# अदाणी के विझिनजाम बंदरगाह ने 10 लाख टीईयू का आंकड़ा किया पार

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम (केरल)



वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के बाद से नौ महीने से भी कम समय में अदाणी समूह के विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह ने 10 लाख से अधिक टीईयू संभालने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन द्वारा संचालित बंदरगाह की उपलब्धि न केवल प्रारंभिक अनुमानों से अधिक है, बल्कि इसने भारत के समुद्री क्षेत्र को भी पुनर्परिभाषित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में बंदरगाह पर आयोजित एक समारोह में केरल के बंदरगाह मंत्री वी.एन. वासवन ने कहा कि विझिंजम बंदरगाह ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के मात्र नौ महीनों के भीतर ही 10 लाख टीईयू (बीस फुट समतुल्य इकाई) का संचालन किया है।

- नौ महीने से कम समय में उपलब्धि हासिल की
- भारत के समुद्री क्षेत्र को भी पुनर्परिभाषित किया

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 सरोपी तालाब के सामने, बिलासपुर रोड, सिगमा
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130



# इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद अश्विन ने अब आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अनुभवी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ ही महीनों के भीतर इस टूर्नामेंट के साथ उनके 16 साल लंबे जुड़ाव का अंत हो गया।

अश्विन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह घोषणा की।रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से रिटायर होने का फैसला किया है। टीम इंडिया के दिग्गज ऑफ स्पिनर रहे अश्विन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का उनका सफर आज से शुरू हो रहा है। अश्विन ने 18 दिसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था, तब उन्होंने आईपीएल में खेलते रहने की बात कही थी। वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे, जहां उन्होंने 9 मैचों में 7 विकेट लिए और 33 रन बनाए। 2025 में सीएसके के संघर्ष के बीच अश्विन अन्य विवादों में भी शामिल रहे। हाल में उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को लेकर भी टिप्पणी की थी, जहां उन्होंने कहा था कि उनको ज्यादा पैसे दिए गए थे। बाद में उन्होंने इस मामले में सफाई दी थी।



## अश्विन बोले- हर अंत एक नई शुरुआत

अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा, 'कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है लेकिन विभिन्न लीग में खेल की खोज करने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैं सभी फ्रेंचाइजी को वर्षों से मिली शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और सबसे महत्वपूर्ण आईपीएल और बीसीसीआई को उन चीजों के लिए जो उन्होंने अब तक मुझे दीं। आगे जो भी मेरे सामने है उसका पूरा आनंद लेने और उसका पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं।' अश्विन की सुपरकिंग्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में भावुक सराहना की।

## आईपीएल कॅरियर

38 साल के ऑफ स्पिनर अश्विन ने 221 आईपीएल मैचों में 187 विकेट निकाले। इनका इकोनॉमी रेट 7.20 का रहा। उनकी बेस्ट गेंदबाजी 4/34 रही। इसके अलावा 98 पारियों में 833 रन बनाए। उच्चतम स्कोर 50 रहा। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में 5 टीमों के लिए चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए खेले थे। उन्होंने टूर्नामेंट में पंजाब की कप्तानी भी की थी।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रिकॉर्ड

**टेस्ट**

गेंदबाजी : 106 टेस्ट
537 विकेट
बेस्ट बॉलिंग : 13/140
बल्लेबाजी :
106 टेस्ट, 151 पारी,
3503 रन, 124 सर्वश्रेष्ठ

**वनडे**

गेंदबाजी: 116 मैच
156 विकेट
4/25 बेस्ट बॉलिंग
बल्लेबाजी : 116 मैच,
63 पारी, 707 रन
65 सर्वश्रेष्ठ

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल : अजीत और निरुपमा ने जीते पदक

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और निरुपमा देवी सेराम ने को राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किग्रा और महिलाओं के 63 किग्रा वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। छब्बीस वर्षीय अजीत ने कुल 317 किग्रा (145 किग्रा स्नैच और 172 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस दौरान नए राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड भी बनाए।

### प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिंधू, सात्विक-चिराग



**पेरिस।** पीवी सिंधू ने एक बार फिर अंतिम क्षण में मिली बढ़त की बदौलत मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिंधू ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झि यि से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को 22-20, 21-13 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### अमेरिकी ओपन : महिला एकल के दूसरे दौर में कोको और नाओमी ने बनाई जगह

# कोको ने 10 बार डबल फॉल्ट और 6 बार सर्विस गंवाने के बाद जीता कड़ा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ और 23वीं वरीय जापान की नाओमी ओसाका ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। नए सर्विस कोच के साथ खेल रही गॉफ ने मैच में 10 बार डबल फॉल्ट किया और छह बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया की एजला तोमालानोविच को पहले दौर के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (2), 7-5 से हराने में सफल रहीं।

गॉफ ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था लेकिन मैं जीत दर्ज करके खुश हूं।'दो बार की चैंपियन ओसाका को हालांकि बेल्जियम की ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-4 से हराने के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। पुरुष एकल में तीसरे वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एलेजांद्रो ताबियो को सीधे सेट में 6-2, 7-6, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के 14वें वरीय टॉमी पॉल ने एल्मर मोलेर के खिलाफ 6-3, 6-3, 6-1 की आसान जीत दर्ज की।




### वीनस ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज

1981 में रेनी रिचड्र्स के बाद विलियम्स यहां महिला एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं और ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं। विलियम्स और फर्नांडीज महिला युगल ड्रॉ में सात वाइल्ड-कार्ड टीमों में शामिल हैं, जिनमें हैली बैप्टिस्ट और व्हिटनी ओसुइग्वे, रीज ब्रैंटमेयर और एलानिस हैमिल्टन, कारमेन कॉर्ली और इवाना कॉर्ली, क्रिस्टीना पेनिकोवा और थिया फ्रोडिन, क्लर्वी न्गोउए और इवा जोविक, और जूलियट पारेजा और आकाश उरहोबो शामिल हैं। 2025 यूएस ओपन महिला युगल प्रतियोगिता गुरुवार को यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में शुरू होगी।

### वीनस को मिली वाइल्ड-कार्ड एंट्री युगल में दिखेंगी लेयला के साथ

यूएस ओपन महिला एकल में पहले राउंड से ही बाहर हुई वीनस विलियम्स का अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है। वीनस महिला युगल में लेयला फर्नांडीज के साथ खेलती हुई दिखेंगी। उन्हें वाइल्ड-कार्ड एंट्री दी गई है। वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज की जोड़ी से होगा।



22 वर्षीय फर्नांडीज को न्यूयॉर्क में महिला एकल में 31वीं वरीयता दी गई है और उन्होंने पहले दौर में हमवतन रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-1 से हराया। वह 2021 में एकल फाइनल में पहुंचीं, जहां वह ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से उपविजेता रहीं।

वीनस 2 साल बाद ले रही ग्रैंड स्लैम में भाग

45 साल की वीनस 2 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। वीनस विलियम्स महिला युगल की सफलतम खिलाड़ियों में से एक हैं। अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ उन्होंने 14 ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। आखिरी बार 2016 में उन्होंने विंबलडन जीता था। महिला युगल में वह आखिरी बार 2022 में सेरेना विलियम्स के साथ यूएस ओपन में दिखी थी। वह सेरेना का विदाई टूर्नामेंट था।

### आईसीसी वनडे रैंकिंग

# गिल-रोहित शीर्ष और कोहली चौथे नंबर पर







एजेंसी ▶▶| दुबई

*भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर मौजूद हैं। वहीं हाल में मैके में श्रृंखला के आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा मिला है। हालांकि श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका ने जीती। गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित (756) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं। कोहली के 736 अंक हैं।*

### कुलदीप यादव तीसरे और जडेजा 9वें स्थान पर

हाल के महीनों में भारतीय टीम ने वनडे में हिस्सा नहीं लिया है लेकिन गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में कुलदीप यादव (650) और रविंद्र



जडेजा (616) अब भी क्रमशः तीसरे और नौवें नंबर पर बने हुए हैं। रोहित और कोहली टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन ये दोनों वनडे प्रारुप में सक्रिय हैं। रोहित और कोहली दोनों ने आखिरी बार फरवरी 2025 में संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान वनडे मैच खेला था, जिसमें उन्होंने भारत के खिताबी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी।

### ग्रीन ने लगाई 40 पायदान की छलांग

हेड एक पायदान के सुधार से 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान की छलांग के साथ 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान की छलांग के साथ 78वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी सूची में जगह बनाई है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज 23 पायदान के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षणा 671 रेटिंग अंक के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर आ गए हैं।

**आकांक्षा ने किया उलटफेर, जोशना को हराया :** नई दिल्ली। गोवा की आकांक्षा सालुंके ने विश्व चैंपियनशिप की दोहरी स्वर्ण पदक विजेता जोशना चिनप्पा को हराकर उलटफेर करते हुए 81वीं राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप के महिला वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। इस जीत से आकांक्षा ने दिसंबर में चेन्नई में होने वाले 2025 स्क्वाश विश्व कप में अभय सिंह, वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह के साथ भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली।


**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur 482001 (M.P)

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

RC/3/2016 19.08.2025

**UCO BANK**
**Vs**
**MISS ANITA PURANLAL BHARDWAJ BHARDWAJ**

To,

**(CDI)** MISS ANITA PURANLAL BHARDWAJ BHARDWAJ BHARDWAJ SATYAPAUL 1ST FLOOR RK MALL GE ROAD MAHOBA BAZAR RAIPUR SATYAPAUL 1ST FLOOR RK MALL GE ROAD MAHOBA BAZAR RAIPUR

**(CD2)** SHRI PRADEEP KUMAR NARKHERE S/O SHRI L J NARKHERE STREET NO 32 BLOCK 4 A SECTOR 6 BHILAI DURG

Whereas you the **MISS ANITA PURANLAL BHARWDAJ** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **15/01/2016** in **OA/131/2015** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 2222167.00** (**Rupees Twenty Two Lakhs Twenty Two Thousands One Hundred Sixty Seven Only)** along with pendentellite and future interest @ 12.00% Simple Interest Yearly w.e.f. **20/04/2015** till realization and costs of **Rs 25000 (Rupees Twenty Five Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **18/10/2025** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of Property**

Flat No.-604, Block A on the 6th Floor, "Khushi Tower", situated in Amlidih, P.C No.-114, Ward No.-46. Dr. Rajendra Prasad Shukla Ward, Tehsil & District Raipur (CG); area admeasuring 909 sq.ft., property in the name of Miss Anita Bhardwaj D/o Shri Puran Lal Bhardwaj.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date : **19.08.2025.**

**Place: Jabalpur** (PRITI DESAI)
**Date :19-08-2025** RECOVERY OFFICER


# भानवाला ने रेपिड फायर पिस्टल में जीता सिल्वर

### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| शिमकेंट

भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। बाइस साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए, जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता। ओलंपियन अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे आदर्श सिंह पांचवें स्थान पर रहे।



### फाइनल में अनीष की 18-17 अंक की बढ़त

राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता अनीष 30 शॉट के प्रिसिजन दौर के बाद 290 अंक के साथ छठे स्थान पर थे। बुधवार को हालांकि हरियाणा का यह निशानेबाज रेपिड फायर दौर में 293 अंक से कुल 583 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। छह खिलाड़ियों के फाइनल में अनीष ने 18-17 की बढ़त बना ली थी।

### डब्ल्यूपीजीटी : मन्नत ने बनाई पहले दौर में बढ़त

होसुर। एमेच्योर मन्नत बरार ने लगातार चार बर्डी की मदद से महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण के पहले दौर में बाद बढ़त बना ली।



मन्नत ने 15 लाख रुपये इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और क्लोवर ग्रीन्स कोर्स पर अंडर पार स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। मन्नत ने पांच बर्डी और तीन बोगी की। मन्नत ने संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मौजूद कीर्ति चव्हाण, जैस्मिन शेखर और अनन्या गर्ग पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। इन तीनों ने पार 72 का स्कोर बनाया। एमेच्योर अराध्या शेट्टी और रिया झा एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।

### 30 अक्टूबर तक अपनाना होगा नया संविधान

# भारतीय फुटबॉल की साख दांव पर फीफा-एएफसी ने दिया अल्टीमेटम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्टूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा।

### राष्ट्रीय टीम और क्लब नहीं खेल पाएंगे अंतरराष्ट्रीय मैच




एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ की ओर से अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। निलंबन का मतलब होगा कि राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और साथ ही अहमदाबाद में 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए भारत की महत्वाकांक्षी बोली भी अनिश्चितता में पड़ जाएगी। फीफा और एएफसी ने चौबे के नेतृत्व वाले एआईएफएफ को संशोधित संविधान को मंजूरी देने के लिए उच्चतम न्यायालय से एक 'निश्चित आदेश' प्राप्त करने, इसे फीफा और एएफसी के अनिवार्य नियमों के अनुरूप बनाने और 30 अक्टूबर की समय-सीमा से पहले अगली आम सभा की बैठक में इसकी पुष्टि करने का निर्देश दिया है।




# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

*परोपकरणं येषां जागर्ति हृदये सताम, नश्यंति विपस्तेषां सम्पदःस्यु पदे-पदे ।*
*तीर्थ स्नानैर्न सा शुद्धिर्बहु दानैर्न तत्फलम तपोभिरुग्रैस्तन्नाप्य मुपकृत्या यदाप्यते ।।*

जिन सज्जनों के हृदय में परोपकार की भावना जागृत रहती है, उनकी समस्त आपदाएं नष्ट हो जाती हैं और उन्हें पद-पद पर सम्पदा प्राप्त होती है। अनेक तीर्थों में स्नान करने से वैसी पवित्रता न तो प्राप्त होती है और न प्रचुर दान तथा उग्र तपस्या से ही वैसा फल प्राप्त होता है जैसा कि परोपकार करने से प्राप्त होता है। पद्मश्री डॉक्टर दामोदर गणेश बापट जी के बारे में ये श्लोक परस्पर विरोधाभासी लगता है। क्योंकि बापट जी कहते थे कि मैंने कभी उपकार किसी पर नहीं किया न मैंने कभी दूसरों की सेवा की है । बापट जी का मानना था कि ये जीवन अपने लिए नहीं अपनों के लिए हैं। अपने जीवनकाल में बापट जी ने कुष्ठ पीड़ितों की सेवा के क्षेत्र में जो प्रतिमान स्थापित किए है, उसे हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा।

# सेवा को समर्पित जीवन, निष्काम कर्मयोगी डॉ. दामोदर गणेश बापट



डॉ. दामोदर गणेश बापट

## जन्म और प्रायमरी शिक्षा

बापट जी का जन्म 29 अप्रैल 1935 को अमरावती जिले के पथरौट गांव में हुआ। तीनों भाईयों में दामोदर जी सबसे छोटे थे। बड़े भाइयों के नाम महादेव और पुरुषोत्तम थे। पिता गणेश बापट रेलवे कर्मचारी थे और माता लक्ष्मी बाई गृहिणी थी । दामोदर की प्राथमिक पढ़ाई जलगांव के कजगांव में हुई। दामोदर जी के बचपन में उनके पिता की ड्यूटी कजगांव स्टेशन पर थी । भाइयों में सबसे छोटे होने के कारण माता के लाड़ले दामोदर का घरेलू नाम चंदू था । बचपन से ही शरारती चंदू को माता पिता की बहुत डांट सुननी पड़ी । बचपन में एक बार खेलते खेलते चंदू गिर गया जिससे आंखों में चोट आ गई। गंभीर चोट होने के कारण आंखों का लंबा इलाज चला, दर्द तो ठीक हो गया लेकिन एक आंख की रोशनी हमेशा के लिए चली गई ।



स्व. श्री गणेश विनायक बापट (पिता) स्व. श्रीमती लक्ष्मी गणेश बापट (माता)

## 10 बार देखी फिल्म बाबुल

1954 में मैट्रिक पास होने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए नागपुर भेजे जाने पर विचार होने लगा इसी बीच पिता जी गणेश बापट का तबादला नरखेड़ स्टेशन हो गया ,यहां वे स्टेशन मास्टर बनकर आए । युवा दामोदर ने नागपुर के गोविंदराम सक्सेसरिया कॉलेज में प्रवेश लिया 1960 में चंदू यानी दामोदर ने बीए और बीकॉम की डिग्री ली। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान दामोदर को फिल्में और नाटक देखने का शौक था। हिंदी फिल्म बाबुल तो उन्होने 10 बार देखी इस तरह मराठी फिल्म श्यामची आई कई बार देखी। चंदू का ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करना बापट परिवार के लिए किसी खुशी से कम नहीं था।



## पिता का निधन, छूटी नौकरी

युवा दामोदर आधुनिक विचारों के युवक थे । पढ़ाई पूरी होने के बाद रोजगार की चिंता शुरु हुई। नौकरी के लिए कोशिशें तेज की इसी दौरान नागपुर रेलवे स्टेशन पर नागपुर के ही रहने वाले मधुकर गणेश गाडगिल से मुलाकात हुई मधुकर ने कोलकाता आकर अपनी कंपनी में काम करने का ऑफर दिया। रोजगार की तलाश में दामोदर कोलकाता पहुंचे। और मधुकर गाड़गिल की कंपनी में नौकरी शुरु की। यहां नौकरी के दौरान पिंजरापोल सोसायटी में कमरा लेकर रहने लगे। यहां सोसायटी के चौकीदार रामसनेही मिसिर से उनकी प्रगाढ़ दोस्ती हो गई रामसनेही भोजपुरी लहजे में दामोदर को बापटवा कहता था। इसी बीच पिता जी का निधन हो गया जिस पर दामोदर जी कोलकाता की नौकरी छोड़कर मूर्तिजापुर आकर रहने लगे।



## मिला पद्मश्री सम्मान

21 दिसंबर 2016 को पंडित सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर ने बापट जी को पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया। सन 2018 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति महोदय ने प्रदेश के दो व्यक्तियों के नाम का चयन किया। एक डॉक्टर दामोदर गणेश बापट और दूसरे थे बिलासपुर के डॉ. श्यामलाल चतुर्वेदी। सम्मान के लिए बापट जी का नाम सुनकर सम्पूर्ण क्षेत्र में आनंद का वातावरण व्याप्त हो गया। 2 अप्रैल 2018 को राष्ट्रपति भवन के गरिमामय कार्यक्रम में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री से सम्मानित किया।



1996 में पूर्व प्रधान मंत्री अटलबिहारी बाजपेयी से भाऊराव देवरस सेवा स्मृति पुरस्कार प्राप्त करते हुए।



गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी से देवी अहिल्याबाई होलकर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

## सदाशिव गोविंद कात्रे जी का मिला सानिध्य



छोटे बच्चों पर बापट जी का विशेष लगाव था। वे अपने जेब में बच्चों के लिए टॉफी रखा करते थे।

इसी बीच बापट जी का कुष्ठ आश्रम सोंठी जाना मील का पत्थर साबित हुआ। एक कुष्ट रोगी भिखारी से आश्रम जाने का रास्ता पता चला। आश्रम का संचालन सदाशिव गोविंद कात्रे कर रहे थे । कात्रे जी से पहली मुलाकात में बापट जी ने देखा कि वे कुष्ठ रोग से पीड़ित है। कमजोर शरीर और बीमारी से बुरी तरह ग्रस्त होने के बावजूद उनके चेहरे पर सेवा भावना से परम संतोष झलक रहा था। इसी तरह की प्रसन्नता जैसे खूब परिश्रम से थके हुए विजयी खिलाड़ी की होती है। कुष्ठ और कुष्ठ रोगियों को लेकर समाज में जो धारणाएं फैली हुई थी, उसकी जानकारी बापट जी को थी। ऐसे प्रतिकूल वातावरण में कात्रे जी की वृद्धावस्था और पांवों के जख्म देखकर वे हैरान थे। कात्रे जी की वाणी में तेज, ओज एवं प्रखरता झलकती थी। कात्रे जी ने बातचीत में ये भी बताया कि ईसाई मिशरीज, सेवा की आड़ में धर्मांतरण करती है। कात्रे जी ने बाबाराव पुराणिक को बापट जी के बारे में बताया। बाबाराव, बापट जी को कल्याण आश्रम से बाहर लाना चाहते थे। एक स्वस्थ व्यक्ति की आवश्यक चांपा आश्रम को थी क्योंकि कात्रे जी का स्वास्थ्य गिरता जा रहा था। बाबाराव जी ने कल्याण आश्रम में बातचीत की और सहमति प्राप्त कर ली। आखिरकार बापट जी ने कात्रे जी के सेवा कार्य में सहभागी बनने का फैसला लिया।

## कल्याण आश्रम का डबल ग्रेजुएट स्वीपर

1966-67 का समय था । एक रात रेडियो पर वनवासी कल्याण आश्रम के बालासाहब देशपांडे का साक्षात्कार आ रहा था । साक्षात्कार सुनने के बाद दामोदर बापट जी को लगा कि उनके जीवन की अस्थिरता को ठहराव का मंत्र मिल गया । बाला साहब देशपांडे भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष थे। जिसका मुख्यालय छत्तीसगढ़ का जशपुर था ये संस्था पूरी तरह वनवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए काम करती है। रेडियो साक्षात्कार में देशपांडे जी ने युवाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इससे प्रभावित होकर बापट जी ने झोला उठाया और बिना किसी को बताए जशपुर के लिए निकल पड़े। बापट जी ट्रेन से रायगढ़ के लिए निकले। तीन दिनों के प्रवास के बाद रायगढ़ पहुंचे लेकिन सामान रुपया पैसा सब ट्रेन में ही चोरी हो गया था। जशपुर जाने के लिए पैसे भी नहीं थे ऐसे हालात में अपने हाथ की घड़ी बेचकर टिकिट खरीदी। शुरुआती दौर में उन्हें आश्रम में कोई काम नहीं दिया गया था तो उन्होंने शौचालय साफ करने वाली महिला हिरोमनी की मदद करना शुरु किया। शौचालय में साफ-सफाई करते देख आश्रम के कुछ लोगों ने उन्हें डबल ग्रेजुएट स्वीपर भी कहा, लेकिन बापट जी ने इस बात का कभी बुरा नहीं माना।



जशपुर का वनवासी कल्याण आश्रम और इंसेट में बाला साहब देशपांडे।

## कात्रे जी के सपने को साकार किया

कात्रे जी ने सोठी आश्रम के लिए सपना देखा था कि यहां इलाज करवा रहे कुष्ठ रोगियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले। बापट ने कात्रे जी के सपने को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खपरैल का पुराने मकान के एक कोने में उन्होंने अपना बिस्तर लगा लिया। धीरे-धीरे सब कार्यकर्ताओं एवं मरीजों से परिचय प्रारंभ किया। मोतीलाल और कोमल के साथ बापट जी भी मरीजों की मरहम पट्टी करने लगे। बापट जी के आगमन से समाज में एक उत्साहजनक संदेश गया कि पूरी तरह स्वस्थ व्यक्ति आश्रम में रहकर, कुष्ठ पीड़ितों के हाथ का बना भोजन करता है। आश्रम का कार्य करने के लिए एक योग्य व्यक्ति आया है। ये बात सब तरफ फैल गई। बापट जी आश्रम के शुभचिंतकों से सम्पर्क करने का प्रयास करने लगे। आश्रम के लिए संसाधन जुटाना, राशि की व्यवस्था में निरंतर व्यस्त रहना, यही उनकी प्राथमिकता थी। संघ शिक्षा वर्ग करने के बाद बापट जी स्वयं वैचारिक प्रबलता का अनुभव करने लगे थे। सन 1979 में उन्होंने द्वितीय वर्ष और बिना समय गवांए उन्होंने सन 1980 में तृतीय वर्ष कर लिया। सन 1978 में एक-एक पाई-पाई जोड़कर खपरैल का एक महिला आवास बनाने का प्रयास शुरु किया ये महिला आवास सन 1982 में बना। महिला रोगियों को बेहतर व्यवस्था देने में सफल हुए।

### संकल्प और मजबूत इरादों से राह आसान

शारीरिक तकलीफ झेल रहे और मानसिक रुप से पस्त हो चुके कुष्ठ पीड़ितों में जीने की इच्छाशक्ति जाग्रत करना कठिन काम था। कात्रे जी के बाद बापट जी ने आश्रम में मौजूद कुष्ठ रोगियों के इलाज के साथ साथ उनमें आत्मविश्वास जगाने की कोशिशें जारी रखी। कुष्ठ रोगियों के लिए पूरा जीवन समर्पित करने वाले गणेश बापट को साल 2018 में पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया था कात्रेजी द्वारा शुरु की गई और बापट जी द्वारा पल्लवित की गई ये कोशिशें आज एक बड़ा रुप धारण कर चुकी है। वर्तमान में 20 बिस्तरों वाले चिकित्सालय भवन में रोगियों के उपचार की व्यवस्था है। यहां पुरुषों के आवास, भोजन इत्यादि की व्यवस्था है। समाज मे रहकर इलाज कराने वाले लगभग 300 रोगी भी हैं। निःशुल्क दवाईयों का वितरण एवं चिकित्सा व्यवस्था है। अपंग रोगियों की आपरेशन से शारीरिक कमजोरी को भी ठीक किया।

## फिर आई दुख भरी खबर...

लगातार सेवाकार्य में रत बापट जी का अपनी गिरती सेहत की तरफ बिल्कुल भी नहीं ध्यान था। सेहत को लेकर अनदेखी और बढ़ती उम्र ने शरीर को तकलीफों का घर बना दिया। गिरती सेहत के बीच चक्कर आ जाने के कारण बापट जी को चांपा अस्पताल में भर्ती कराया गया। 7 जुलाई 2019 को बापट जी अचेत हो गए। उन्हें तत्काल बिलासपुर ले जाया गया। बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया। दो दिन बाद कुछ आशा बंधी पर फिर से वे अचेत अवस्था में चले गए। पुणे से आकर बापट परिवार के सदस्यों ने भी हालचाल जाना। बापट जी के सहयोगी रहे मुंबई के हीरा व्यवसायी राजीव भाई झवेरी भी मिलने आए। भारतीय कुष्ठ निवारक संघ में बापट जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हर दिन भजन-कीर्तन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। परन्तु बापट जी आश्रम वापस नहीं आए। एक महीने दस दिन तक जीवन के लिए संघर्ष करने के बाद बापट जी 17 अगस्त 2019 को मध्यरात्रि 2 बजकर 35 मिनट पर नश्वर शरीर को छोड़कर अनन्त में विलीन हो गए। समाचार पूरे देश में फैल गया। करुण क्रंदन, चित्कार, रुदन से आश्रम दहल गया। बापट जी की इच्छा के मुताबिक कात्रे जी की प्रतिमा के सामने उनके देह को रखा गया और बाद में यहां तुलसी का चौरा स्थापित किया । उसी शाम उनकी इच्छा के मुताबिक पार्थिव देह बिलासपुर मेडिकल कॉलेज को समर्पित कर दी गई। बापट जी के किए कार्यों को हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा। उस महामनीषी निष्काम कर्मयोगी को हमारा शत शत नमन।



नहीं रहे कुष्ठ रोगियों के मसीहा गणेश दामोदर बापट

ऐसे थे पद्मश्री बापट, करोड़ों का आश्रम, पर खुद के लिए एक कमरा, दो जोड़ी कपड़े

जीते जी आश्रम का किया कायाकल्प

अपोलो में ली अंतिम सांस

सिम्स में देहदान



आश्रम में कात्रे जी की प्रतिमा के सामने बापट जी की स्मृति में बनाया गया तुलसी चौरा।

inh न्यूज़ 29 अगस्त रात 7.55 बजे

### उनके प्रयासों से हजारों परिवारों का जीवन संवरा



बापट जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। सांसारिक लाभ या व्यक्तिगत प्रसिद्धि की बजाय उनका उद्देश्य केवल मानव सेवा रहा। आश्रम के माध्यम से उन्होंने लोगों की तरक्की, शिक्षा, संस्कार और जीवन मूल्यों को मजबूत करने का कार्य किया। उनके प्रयासों से बहुत से परिवारों को दिशा मिली।

-**अरूण साव**, उप मुख्यमंत्री, छग शासन

### बापट जी के मन में सेवा की गहरी भावना थी



दामोदर गणेश बापट जी के मन में बचपन से ही सेवा की गहरी भावना भरी हुई थी। समाज व राष्ट्र की सेवा ही उनका जीवन-लक्ष्य था। बापट जी अत्यंत सरल, विनम्र और महान व्यक्ति थे। उन्होंने सदैव दूसरों के हित को ही प्राथमिकता दी। मुझे जीवनभर उनका आशीर्वाद प्राप्त होता रहा।

-**कमलेश जांगड़े**, सांसद,जांजगीर-चांपा

### समाजसेवी के साथ-साथ अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी थे



बापट जी मूलतः महाराष्ट्र के निवासी थे, लेकिन उनके मन में सेवा का भाव सम्पूर्ण मानवता के लिए था। बापट जी का व्यक्तित्व केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि बहुमुखी भी था। वे बहुत अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी थे। उन्होंने अपने आश्रम में 26,000 से अधिक कुष्ठ रोगियों की निस्वार्थ सेवा की और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया।

-**संतोष पांडे, सांसद**, राजनांदगांव

### मैंने बापट जी में महात्मा गांधी को देखा है



दामोदर गणेश बापट जी का व्यक्तित्व अत्यंत सरल था। साधारण से कपड़े और पैरों में टायर की चप्पल ही उनकी पहचान हुआ करती थी। वे देखने में जितने साधारण थे, उतनी ही असाधारण प्रतिभा और सेवा भावना के धनी थे। मैंने महात्मा गांधी को प्रत्यक्ष रूप से तो नहीं देखा, लेकिन बापट जी को अवश्य देखा है। उनके भीतर मुझे गांधीजी की झलक दिखाई दी। उन्होंने कुष्ठ रोगियों की प्रत्यक्ष सेवा की, उनके बीच रहकर उनके जीवन को संवारने का कठिन कार्य किया।

-**नारायण चंदेल**, पूर्व नेता प्रतिपक्ष

### आश्रम में मरीजों को परिवार की तरह स्नेह, सम्मान से रखा



बापट जी ने अपने विचारों, सेवाभाव और त्यागपूर्ण जीवन से सैकड़ों ही नहीं, बल्कि हजारों लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया। वे केवल कुष्ठ रोगियों के सेवक भर नहीं थे, बल्कि उन्होंने उन्हें एक परिवार दिया और अपने आश्रम में परिवार की तरह स्नेह, सम्मान और सहारा प्रदान किया। उनके आश्रम में आने वाला हर व्यक्ति यह अनुभव करता कि वह अकेला नहीं है।

-**सुनील सोनी**, विधायक, बीजेपी

### 45 वर्षों तक निरंतर आश्रम में लोगों की सेवा की



भारतीय कुष्ठ निवारक संघ की स्थापना वर्ष 1962 में सदाशिव कात्रे जी द्वारा की गई थी। संस्थान की नींव उन्होंने रखी, लेकिन जिस स्वरूप में आज यह संस्था समाज के सामने कार्य कर रही है, उस स्वरूप को आकार देने में बापट जी का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने लगभग 45 वर्षों तक निरंतर अथक परिश्रम, समर्पण और दूरदर्शिता से संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

-**सुधीर देव**, सचिव, भारतीय कुष्ठ निवारक संघ

### छोटे-छोटे बच्चों को चॉकलेट बांटा करते थे



बापट जी का स्वभाव इतना सरल और सहज था कि हर कोई उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था। वे हमेशा छोटे-छोटे बच्चों के लिए अपने पास चॉकलेट रखा करते थे। कोई भी बच्चा नजरों के सामने आता तो उनके चेहरे पर एक आत्मीय मुस्कान खिल उठती और वे तुरंत चॉकलेट बच्चे के हाथ में थमा देते।

-मनमोहन बावरी
आश्रम कार्यकर्ता

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com